


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ




वर्ष 06, अंक 144 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### कूलर के करंट की चपेट में आई मां-बेटी, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले से बड़ी खबर सामने आई है. जहां मां और बेटी करंट की चपेट आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई. इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है.जानकारी के मुताबिक, यह घटना नोहटा थाना क्षेत्र के बनबार गांव की है. बताया जा रहा है कि आज मंलगवार को मां सपना लोधी और 7 साल की मासूम वैष्णवी कूलर में आ रहे करंट की चपेट में आ गए. जिसके बाद परिजन बिजली की सप्लाई को बंद किया. जिसके बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर विक्रम पटेल ने जांच के मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही नोहटा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक के परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली. पुलिस ने दोनों शवों को पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है. वहीं पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### तालाब में नहाने गईं थीं 2 युवतियां, डूबने से हुई दोनों की मौत, परिवार में पसरा मातम

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में आज मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया है. जहां तालाब में डूबने से 2 युवतियों की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को कब्जे में लिया. फिलहाल, इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू की दी है. जानकारी के मुताबिक, पूरी घटना पथरिया थाना क्षेत्र के जमुनिया की है. बताया जा रहा है कि दो युवती तालाब में नहाने गए थे. इस दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे. दोनों युवतियों को डूबता देख लोगों ने तालाब में छलांग लगाकर उन्हें रेस्क्यू किया और आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. दोनों मृतिका की शिनाख्त प्रियंका आदिवासी और रोशनी आदिवासी के रूप में हुई है. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी. पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

पहली बार संवैधानिक पद संभालेंगे राहुल गांधी, लोकसभा में नेता विपक्ष बने

# ओम बिरला ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए

नई दिल्ली/ एजेंसी

ओम बिरला को ध्वनिमत से लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया है. ओम बिरला को स्पीकर चुने जाने के बाद नेता सदन नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी स्पीकर के आसन तक लेकर गए. ओम बिरला के आसन तक पहुंचने पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने कहा कि आपकी चेयर है, आप संभालें. स्पीकर के लिए ओम बिरला के नाम का गृह मंत्री अमित शाह, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी, जाधव प्रतापराव गणपत राव, चिराग पासवान, एचडी कुमारस्वामी, के राममोहन नायडू, आईके सुब्बा, अनुप्रिया पटेल ने स्पीकर पद के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव किया. शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, सुनील तटकरे, जयंत वासुमातारी, लघुकृष्णा देवराई, फग्गीभूषण चौधरी, श्री किशन पाल ने ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव किया. संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब, संसद के स्टाफ और सदस्यों का धन्यवाद किया. ओम बिरला को पीएम मोदी ने दी बधाई प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार स्पीकर चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई दी. पीएम मोदी ने कहा कि हम सबको विश्वास है कि आने वाले पांच साल आप हम सबका मार्गदर्शन करेंगे. हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि विनम्र और व्यवहार कुशल व्यक्ति सफ्ल सदृश होता है. आपको तो मुस्कान भी मिली है. आपकी ये मीठी-मीठी मुस्कान हम सबको प्रसन्न करती आई है. दूसरी बार स्पीकर का कार्यभार मिलना, नए-नए रिकॉर्ड बनते देख रहे हैं. बलराम जाखड़ जी को पांच



साल का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद स्पीकर का दायित्व फ्रि से मिला था. इनके बाद आप हैं जिसे ये अवसर मिला है. आप जीतकर के आए हैं. नया इतिहास आपने गढ़ा है. हममें से ज्यादातर सांसद आपसे परिचित हैं. एक सांसद के रूप में आप जिस प्रकार से एक सांसद के नाते काम करते हैं, ये भी जानने और सीखने योग्य है. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी ने मंगलवार (25 जून) को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि माहताब को इस संदर्भ में पत्र लिखा। राहुल अपने 20 साल के पॉलिटिकल करियर में पहली बार कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। वे इस पद पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य होंगे। इससे पहले उनके पिता और पूर्व क्क्रू राजीव गांधी 1989-90 और मां सोनिया 1999 से 2004 तक इस पद पर रह चुकी हैं। लोकसभा में 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। 2014 और 2019 में किसी विपक्षी दल के पास इसके लिए जरूरी न्यूनतम 10त्न सदस्य नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा पेश करने के लिए किसी भी पार्टी को कुल 543 में से 55 सदस्यों का आंकड़ा पार करना होता है।2024 के चुनाव में कांग्रेस 99 सीटों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी है।

### सहमति और सहयोग के लिए लोकसभा में नहीं मांगा मत विभाजन

नई दिल्ली । कांग्रेस का कहना है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कोडिकुन्निल सुरेश के समर्थन में प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद इंडिया गठबंधन की पार्टियां मत के विभाजन के लिए जोर दे सकती थीं। कांग्रेस के मुताबिक इंडिया गठबंधन ने ऐसा नहीं किया। ऐसा इसलिए, क्योंकि वे चाहते थे कि आम सहमति और सहयोग की भावना प्रबल हो, जिसका प्रधानमंत्री और एनडीए के कार्यों में स्पष्ट रूप से अभाव होता है। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में दिखे। राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि विपक्ष की आवाज को संसद में प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी जाएगी।

क्या रद्द होगी ओवैसी की संसद सदस्यता

## ओवैसी को लोस से अयोग्य घोषित करने की मांग

नई दिल्ली/ एजेंसी

सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा लोकसभा में 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाने के एक दिन बाद, उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग बढ़ने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता हरि शंकर जैन ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 का हवाला देते हुए असदुद्दीन ओवैसी को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू के



समक्ष शिकायत दर्ज की है। वकील हरि शंकर जैन ने कहा कि इससे साबित होता है कि उनका फ़िलिस्तीन से संबंध है और वे फ़िलिस्तीन से प्रभावित और दबाव में हैं...एक नागरिक के तौर पर मुझे इस तरह की चीज़ को ख़त्म करना होगा। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में, हरि शंकर ने कहा, असदुद्दीन ओवैसी ने जो नारा लगाया है वह देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा है. यह एक अत्यंत गंभीर और महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 के साथ पठित अनुच्छेद 102 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल ध्यान देने और उचित कार्रवाई की आवश्यकता है। हरि शंकर जैन ने बुधवार को बताया,अगर कोई व्यक्ति भारत के बजाय किसी अन्य देश के प्रति समर्पित है।

## दो जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में तलब, गृहमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला......

**सुल्तानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी है। मामले में अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 27 नवबंर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था। बीते 20 फ्रवरी को राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत कराई थी। उसके बाद से उनके बयान दर्ज होने की कार्रवाई में मामला लंबित है। सात जून को कोतवाली नगर के घरहा कला डिहवा निवासी राम प्रताप ने कोर्ट में अर्जी देकर पक्षकार बनाए जाने की मांग की थी। इसका परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने विरोध किया। कहा कि,राहुल गांधी के अनुचित प्रभाव में मामले को विलंबित करने के लिए अर्जी दी गई है। बुधवार को कोर्ट ने सुनवाई के बाद अर्जी खारिज कर दी।

पति अरविंद की गिरफ्तारी पर बोलीं सुनीता


## पूरा तंत्र कोशिश कर रहा है बंदा जेल से बाहर ना आए

नई दिल्ली । एजेंसी

दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री की पांच दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की। वहीं, पति केजरीवाल की गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद सुनीता केजरीवाल भी उनसे मिलने पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखी प्रतिक्रिया दी। हालांकि, अपनी



प्रतिक्रिया में उन्होंने किसी भी पार्टी विशेष का नाम नहीं लिया, लेकिन सियासी गलियारों में चर्चा है कि उन्होंने यह हमला भाजपा पर किया है। सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, 20 जून अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। इसके बाद तुरंत ईडी ने स्टे लगवा दिया। अगले ही दिन सीबीआई ने आरोपी बना दिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आए। ये कानून नहीं, तानाशाही है, इमरजेंसी है। सुनीता केजरीवाल के इस पोस्ट को आम आदमी पार्टी ने भी शेयर करते हुए कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ना कोई सबूत है, ना ही कोई मनी ट्रेल मिला है और ना ही कोई पैसा अभी तक बरामद हुआ है, लेकिन फ्रि भी जानबूझकर उन्हें अभी तक सलाखों के पीछे रखा गया है। ताकि, आम आदमी पार्टी को पूरी तरीके से खत्म किया जा सके।



कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को झटका

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा

नई दिल्ली/ एजेंसी

दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। बीते मंगलवार को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। आम आदमी पार्टी की नेता रीना गुप्ता ने बताया कि सबसे बड़ी बात ये है कि सीबीआई के पास दो साल से ये 50,000 दस्तावेज हैं, उन्होंने कभी अरविंद केजरीवाल को नहीं बुलाया। अब अचानक से अरविंद केजरीवाल को गवाह से आरोपी कैसे हो गए। ये सीधा-सीधा राजनीतिक षडयंत्र था कि केजरीवाल बाहर न आएं, इसलिए आज सीबीआई के जरिए उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। आप नेता जस्मीन शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जांच एजेंसी सीबीबाई कोर्ट में झूठ बोलते हुए पकड़ी गई। सीबीबाई



ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जज ने भी यह बात मानी है कि सीबीआई जो कह रही है और उसके पास जो सबूत हैं, उसमें कोई तालमेल नहीं है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पहली बार अरविंद केजरीवाल को गवाह के तौर पर 16 अप्रैल 2023 को बुलाया गया था। सीबीआई बार-बार मनीष सिसोदिया की जमानत के मामले में वही कहानी दोहराती रही है, जो आज अरविंद केजरीवाल के मामले में दोहरा रही है। जिस मगुंटा रेड्डी के बयान को सीबीआई केजरीवाल की गिरफ्तारी का आधार बना रही है, वही मगुंटा रेड्डी जुलाई 2023 में मनीष सिसोदिया के मामले में अपना बयान दे चुका है। जब ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत दे चुका था।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** संता जन कल्याण समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र, राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में नशा से संबंधित नुकसानों से अवगत कराने के लिए वक्त के रूप में डॉक्टर योगेश कनौजिया उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉक्टर योगेश ने कहा कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो है ही समाज के लिए भी घातक है। अत: किसी भी स्थिति में नशा नहीं करना चाहिए। नशा मानव शरीर के मन ही स्थिति को दुष्कृत कर देता है और सोचने और समझने की शक्ति को भी विकृत करता है। डॉक्टर योगेश कनौजिया ने कहा कि समझ में प्रत्येक व्यक्ति को नशा निवारण के लिए कार्य करना चाहिए और समाज को सुधारने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता नागेश कुमार, अरविंद कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, डॉली पटेल, सविता, मीनाक्षी बंजारी, लोकेश वर्मा, जयसूर्या वर्मा एवं संस्था के कोषाध्यक्ष एवं निदेशक शिशुपाल खोब्रागढ़े उपस्थित रहे।

### 12 अगस्त से शिव महापुराण विधायक इंद्रकुमार साहू को सौंपा आमंत्रण पत्र



**रायपुर ( समय दर्शन )।** चंपारण से लगे ग्राम पोंड में 12 से 16 अगस्त तक शिव महापुराण आयोजित होने जा रहा है। इसके कथावाचक प्रदीप मिश्रा होंगे। इसके लिए अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू से सौजन्य मुलाकात किया गया। साथ ही उन्हें कथा श्रवण करने पहुंचने का आमंत्रण भी सौंपा गया। इस दौरान विधायक इंद्र कुमार साहू ने आयोजन में पहुंचने का भरोसा दिलाया है। पवित्र में भूमि में आयोजित शिव महापुराण के लिए आयोजकों को बधाई भी दी है। गौरतलब है कि 12 अगस्त से आयोजित होने वाले 5 दिवसीय शिव महापुराण में कथा श्रवण करने देशभर से लोग पहुंचने वाले हैं। जिसके चलते आयोजक विशाल आयोजन की तैयारी में जुट गये हैं। ताकि बाहर से आने वाले भक्तों को किसी भी तरह का कोई परेशानी न हो। पार्किंग से लेकर भंडारा व स्टॉल सभी तरह की तैयारी की जा रही है। इस आयोजन में सेवा करने क्षेत्रभर के हजारों लोग खुद ही आगे आ रहे हैं। विशाल आयोजन को लेकर मंगलवार को राजिम विधायक रोहित साहू से आयोजकों ने सौजन्य मुलाकात की। और आमंत्रण पत्रिका सौंपकर कार्यक्रम में आमंत्रित किया। वहीं विधायक रोहित साहू ने आयोजकों को कार्यक्रम में पहुंचने का भरोसा दिलाते हुये आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस दौरान आयोजक राकेश देवांगन व शंभू सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र का वितरण



**शंकर लहरे/ सागरपाली ( समय दर्शन )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयमसेवको को प्राचार्य श्री निमंकर पटेल के नेतृत्व में ए प्रमाण पत्र एवं अंक सूची वितरित की गई , जयदेव साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से सामाजिक विकास के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है,जिससे भावी जीवन में कठिनाइयों का सामना करने में आसानी होती है, श्रीमती सीता सिंह व्याख्याता ने स्वयं सेवकों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए ,आगे सामाजिक जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया,पुनीत लाल चौधरी एवं राजेश कुमार पंडा ने भी छात्रों को मार्गदर्शन किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की उक्त प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम व्याख्याता श्रीमती एकता शर्मा,रजनी राठिया ,केदार पटेल उपस्थित थे,कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शिवप्रसाद पटेल ने किया।

# किसी भी व्यक्ति को अपना आयकर रिटर्न दाखिल करने से पहले नई और पुरानी दोनों व्यवस्था के तहत टैक्स की गणना करनी चाहिए : सीए यतीश अग्रवाल

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** व्यक्तिगत करदाताओं के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई हैं। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 31 दिसंबर तक अपना रिटर्न फाइल कर सकेंगे। आयकर से सरकार को देश की वित्तीय स्थिति का सही आकलन करने में मदद मिलती है और वह आवश्यक विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटा सकती है। रायपुर के सीए यतीश अग्रवाल, जिन्हें इनकम टैक्स एवं जीएसटी के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया है कि समय पर रिटर्न दाखिल करने से कानूनी समस्याओं से बचाव होता है और आपकी वित्तीय पारदर्शिता बनी रहती है।

सीए यतीश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए व्यक्तिगत करदाता को नई और पुरानी व्यवस्था में से अपने अनुकूल कर प्रणाली का चयन करना चाहिए। आम तौर पर जिस व्यक्ति की आय 7 लाख रुपये सालाना तक है, वह नई व्यवस्था चुनकर अपना पूरा कर बचा सकता है। किसी भी व्यक्ति को अपना आयकर रिटर्न दाखिल करने से पहले नई और पुरानी दोनों व्यवस्था के तहत टैक्स की गणना करनी चाहिए और हमें वह प्रणाली चुननी चाहिए, जिसमें कर की बचत हो रही हो और उसी के अनुसार अपना आयकर रिटर्न दाखिल करना चाहिए।



नई कर व्यवस्था में धारा 87ए के तहत 25,000 रुपये की छूट मिलती है, जिसके कारण 7 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को आयकर नहीं देना पड़ता है। पुरानी कर प्रणाली में यह छूट 12,500 रुपये हैं, जिसके कारण 5 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को पुरानी कर प्रणाली में कर नहीं देना पड़ता है। जिन करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है, उन्हें पुरानी कर व्यवस्था में कुछ उपलब्ध कटौतियां और छूट जैसे धारा 80सी, धारा 80डी आदि की छूट नहीं मिलती है।

वेतन वाले लोगों को हर साल नई और पुरानी टैक्स प्रणाली में से किसी एक को चुनने की आजादी होती है, लेकिन अगर व्यापार या अन्य विषयों से कमाई करने वाले लोग किसी साल अपनी टैक्स प्रणाली में बदलाव करते हैं, तो उन्हें अगले 5 साल तक उसी टैक्स प्रणाली के तहत अपना रिटर्न दाखिल करना होगा। वेतन से आने वाले व्यक्तियों को दोनों ही कर व्यवस्था में 50000 रूपये का स्टेंडर्ड डिडक्शन मिलता हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 से नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट कर व्यवस्था रखी गई है, अगर किसी व्यक्ति को पुरानी व्यवस्था से अपना आयकर रिटर्न फाइल करना है तो उसे पहले फॉर्म 10आईईए फाइल करना होगा। किसी भी कर व्यवस्था का चुनाव करने से पहले अपने कर सलाहकार से अवश्य राय लें।

यतीश अग्रवाल शुरू से ही अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहे है, उनका जन्म छत्तीसगढ़ के धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में हुआ था। कॉमर्स में स्नातक करने के बाद यतीश ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की पढ़ाई करने का फैसला किया। कठिन सीए परीक्षा और तैयारी के दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके दृढ़ संकल्प और अथक मेहनत ने उन्हें सफलता दिलाई। सीए यतीश अग्रवाल 2019 से राजधानी रायपुर देवेंद्र नगर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को सही जानकारी देकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

उन्होंने पाया कि बहुत से लोग टैक्स के जटिल नियमों और प्रक्रियाओं से अनभिज्ञ होते हैं, जिसके कारण वे अक्सर गलतियां करते हैं या अनावश्यक परेशानियों का सामना करते हैं। सीए यतीश अग्रवाल ने इस समस्या के समाधान के लिए सरल और स्पष्ट भाषा में आयकर के नियमों और प्रक्रियाओं को समझाया।

# शिक्षा से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है : जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत

### शासकीय कन्या शाला सारंगढ़ में जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव संपन्न

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन ),** / जिला मुख्यालय सारंगढ़ में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा कर सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल के छात्रों को टीका लगाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एन भगत ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि स्कूल एक मंदिर भी है और शिक्षालय भी है। स्कूल जाने को लेकर बच्चों में एक अलग उत्सुकता रहती है। शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें भी दी जाती है, जो छात्राएं दूर से स्कूल आती हैं उनके लिए साइकिल का भी वितरण किया जाता है। शिक्षा से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है और हम भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबध्द हैं। इसलिए सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा की महत्ता को समझें और बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु कार्य करें। शाला प्रवेश उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में शासकीय कन्या शाला द्वारा



卐स्कूल चलें हम गीत पर नृत्य किया गया। मोना मार्डन स्कूल द्वारा 卐शिक्षा का सूरज है निकला, हो रहा है सूरज उजाला गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा अशोका पब्लिक स्कूल द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं सेजेस सारंगढ़ के छात्रों द्वारा स्कूल चलें हम गीत पर प्रस्तुति दिया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक केराबाई मनहर, भुवन मिश्रा, शिव कुमारी चौहान, चंद्रिका सिंह ठाकुर, दुर्गा प्रताप सिंह राजपूत, टीकाराम पटेल,मनोज जायसवाल, अजीश अग्रवाल, सारंगढ़ एसडीएम अनिकेत साहू, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# कन्या शाला घरघोड़ा में शाला प्रवेश उत्सव मनाते हुए प्रवेश देते हुए शिक्षण कार्य हुआ प्रारंभ

### पौधरोपण का भी पालकों को दिया जा रहा संदेश



**घरघोड़ा ( समय दर्शन ):** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में शिक्षण सत्र के प्रथम दिवस उत्साह उमंग के साथ छात्राओं पालकों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया ।संस्था के प्रभारी प्राचार्य, प्रधानपाठक ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर विद्या की देवी मां शारदे की प्रार्थना छात्राओं के साथ शिक्षिका ज्योति खलखो, अंजू भगत ने सामूहिक रूप से की। शिक्षण सत्र के प्रथम दिन नव प्रवेशित छात्राओं को तिलक लगाकर , स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गई। प्रधान पाठक अखिलेश मिश्रा ने छात्राओं पालकों का अभिनंदन करते हुए सामाजिक स्तर पर शिक्षा की महत्ता बताते हुए स्कूली शिक्षा को समाज के मध्य बेहतर पर्यावरण बनाने पालकों से सहभागिता हेतु अनुरोध करते हुए ध्यान आकर्षण कराया ।प्रभारी प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा ने पाठ्य पुस्तकों को प्रदान करने के साथ नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन करते हुए हर्षोल्लास वातावरण में संस्था में बेहतर शिक्षा प्रदान करने, अनुशासन को विद्यार्थी जीवन में प्रमुख विषय बनाने,विद्यालय में अच्छी शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का उद्बोधन दिया ।इस अवसर पर नवप्रवेशित छात्राओं के पालक उपस्थित रहे। नव शिक्षण सत्र के प्रवेश उत्सव : 2024 का संचालन करते हुए शिक्षक विजय पंडा ने शासन द्वारा स्कूली शिक्षा को बेहतर करने हेतु संचालित योजनाओं एवं सुविधा की जानकारी देते हुए छात्राओं को नियमित रूप से शाला आने एवं शिक्षा में निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा प्रदान की ।शिक्षिका निवेदिता सिंह धनेश्वर शर्मा एवं अन्य ने समस्त छात्राओं को रोली लगाकर स्वागत किया ।विद्यालय द्वारा छात्राओं के प्रवेश के समय उपस्थित पालकों को पौधरोपण कर उन्हे सुरक्षित वृद्धि करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण के क्षेत्र में जन जागरूक हो सकें।

# 28 जून को नि:शुल्क कैंसर जाँच शिविर पिथौरा मे




**पिथौरा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ ही नही वरन भारत वर्ष मे अनेक स्थानों मे अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी युवा मंच तथा उन्नति शाखा द्वारा जनसेवा के विविध कार्य सतत संपादित करते रहते हैं । अभी अभी बसना मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में भी ब्लड डोनेट व लर्निंग लाईसेंस शिविर आयोजित किया गया था। इसी तारतम्य में आगत दिनांक -28 जून 2024, दिन-शुक्रवार की सुबह - 08.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक स्थान - अग्रसेन भवन, पिथौरा मे नि:शुल्क कैंसर की जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुविधाएं :- सोनोग्राफी मशीन, डिजिटल एक्स-रे, डेन्टल चेयर, क्क्- व ष्ट 125 मशीन, क्क्क स्थ्क्ल्क जैसी अत्याधुनिक मशीन द्वारा जयपुर के वरिष्ठ चिकित्सकों की सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जायेगी। इस दौरान फेफड़े का सर्वाईकल कैंसर, पेट का कैंसर,मुँह का कैंसर, स्तन का कैंसर, कोलेस्ट्रॉल का कैंसर आदि का सटीक जांच जयपुर के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा ।

नोट :- (1)अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9131613019, 9993833217, 9589802535 ,

(2.) पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अपना रजिस्ट्रेशन करा कर स्थान सुनिश्चित करें।

( 3.) हमे ध्यान रखना है कि यह कैम्प लोगों को संभावित कैंसर की बीमारी के बारे में सचेत करने के लिए है, मोबाईल कैंप से संकेतात्मक जाँच की जा रही है। इसकी रिपोर्ट अंतिम नहीं है। मारवाड़ी युवा मंच के संचालक सदस्यों ने प्रेरणात्मक स्लोगन के साथ संदेश दे रहे हैं-

जाने से पहले किसी को दे दो जीवनदान। अमर रहना है तो कर दो अंगदान ।।

मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा के इस पुनीत कार्य मे हौसला अफ्जाई करने हेतु ज्वेलर्स गोविंदराम आशीष कुमार अग्रवाल एवं श्री विघ्नहर्ता वेलफेयर फउण्डेशन सोसायटी पिथौरा ने भी आगे आया है।

# सेसेज बसना मे प्रवेश उत्सव मनाया गया

**बसना ( समय दर्शन )।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम बसना मे नये शिक्षण सत्र 2024-25 का प्रवेश उत्सव मनाया गया । प्रवेश उत्सव नगर के समाजसेवी रामचंद्र अग्रवाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रमके मुख्य अतिथि रामचंद्र अग्रवाल ने माननीय मुख्य मंत्री एवं शिक्षा मंत्री के संदेश वाचन के साथ हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बसना नगर के स्टेश्नरी व्यापारी शिव अग्रवाल , ओम स्टेशनरी मार्ट बसना के द्वारा छात्रों के लिए वाटर फ्रीजर एवं न्योता भोजन में प्योर शक्ति मिल्क प्रोडक्ट लि की ओर से पनीर, छाछ, दही एवं घी आदि मध्याह्न भोजन में एड ऑन लगभग 4000/- रुपए मूल्य की सामग्री प्रदान किया गया । वहीं प्रवेश उत्सव के दौरान बसना नगर के अमन बिल्डर्स बसना के संचालक सरदार



कलवंत होरा द्वारा कक्षा 1एक के बच्चों को कॉपी एवं कलम 50-50 नग लगभग 2000/- रुपए मूल्य का सामग्री प्रदान किया गया। संस्था के प्राचार्य खीरोध्र पुरोहित ने सभी दान दाताओं को शाला परिवार की ओर से साधुवाद प्रदान करते हुए आभार प्रदर्शन किया । इस दौरान विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ उपस्थिति थे।

# सोमनी स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** कलेक्टर राजनांदगांव के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, सोमनी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्रोग्राम कोर्डिनेटर श्रीमती प्रनीता शर्मा समग्र शिक्षा, राजनांदगांव, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सोमनी की सरपंच श्रीमती लता संतोष यादव, विशेष अतिथि रमन सिंह राजपूत पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ पत्रकार, योगेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जन कल्याण सामाजिक संस्थान, संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक नरेश दुरकर, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधानपाठक खूमेश्वरी शर्मा उपस्थित थी। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी की प्राचार्य श्रीमती वीथिका साहू द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि आज छुट्टियों के बाद स्कूल खुले हैं, सब के मन में एक जिज्ञासा है, उत्साह है। आज हमारे स्कूल के साथ-साथ पूरे जिले और राज्य में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। हमारे स्कूल में आज इस प्रवेश उत्सव में आप सबका हार्दिक अभिनंदन है। हम आज पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राइमरी शाला के बच्चों के साथ यह प्रवेश उत्सव मना रहे हैं,




जिसमें इन छोटे-छोटे बच्चों के साथ हाई स्कूल में नवमीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चे भी शामिल हैं। आज इन नन्हे मुन्ने बच्चों का स्कूल का पहला दिन है, इन्हें मिठाई खिलाकर, तिलक लगाकर एवं गणवेश देकर, किताबें प्रदान कर इन्हें प्रवेश उत्सव में इनका स्वागत करना है। आज यह बच्चे बहुत ही खुश हैं कि आज उनके नए जीवन की शुरुआत हो रही है, हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

सहायक प्रोग्राम कोर्डिनेटर श्रीमती प्रनीता शर्मा समग्र शिक्षा, राजनांदगांव द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया की बच्चे नींव की तरह है। हम बच्चों को जैसा तैयार करेंगे, यह आगे जाकर वैसे बनेंगे। शासन की योजनाएं चाहे सरस्वती साइकिल योजना हो, नि:शुल्क गणवेश की योजना हो, मध्यान भोजन की योजना हो इन सब का लाभ बच्चों को मिलता है। बच्चों को स्कूल आना है, उन्हें पढ़ना है। शिक्षकों का कार्य पढ़ाना है। मैंने सोमनी स्कूल का नाम बहुत सुना है, आज पहली बार प्रवेश उत्सव में आकर में अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मुझे बहुत ही नजदीक से आप सभी से मिलने का अवसर मिला है, इस प्रवेश उत्सव में आप सभी का स्वागत है।

कार्यक्रम में सभी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर एवं फूल-माला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें किताबें गणवेश तथा साइकिल प्रदान कर सभी का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों के साथ बच्चों के पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राइमरी स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला के साथ हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन गंगाधर गुरु सर द्वारा किया गया।

सार समाचार

## शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** सिलतरा स्थित देशी शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यशवंत साहू 30 वर्ष ग्राम जरौद आरंग का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केसी 1604 को सिलतरा के देशी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## युवक से मारपीट

**रायपुर( समय दर्शन )।** गौतम नगर आजाद चौक में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रजनी कौशल 35 वर्ष गौतम नगर आजाद चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पिंकु गजभिये 40 वर्ष ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

## सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने गोगांव में सरेआम शराब पीते आरोपी नीरज अग्रवाल 38 वर्ष व रोहिणी प्रसाद तिवारी 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी जनक चौहान 29 वर्ष व सुनील चौहान 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## करंट लगने से युवक की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** सिलतरा स्थित सोनू मोनू चौक में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित गुप्ता 30 वर्ष उरकुरा का रहने वाला था। वह सिलतरा स्थित सोनू मोनू चौक में आरोपी प्रकाश मिश्रा के दुकान में काम करता था। बताया जाता है कि मृतक रोहित ट्रक बॉडी रिपेयर कर रहा था, तभी करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

संस्थान के विकास के लिए एक्शन प्लान बनाने दिए निर्देश

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बिलासपुर जिले के कोनी आईटीआई का किया निरीक्षण

### हैरिटेज बिल्डिंग के रूप में संरक्षित करने का होगा प्रयास

**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज बिलासपुर जिले के कोनी स्थित आदर्श आईटीआई का निरीक्षण किया। वर्तमान में लगभग 1200 विद्यार्थी इसमें विभिन्न प्रकार के 33 ट्रेडों में पढ़ाई कर रहे हैं। श्री शर्मा ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर पढ़ाई कर रहे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने इस संस्थान के विकास को लेकर अधिकारियों की बैठक भी ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से सलाह लेकर इस प्राचीन संस्थान की गरिमा को पुन:स्थापित करने के लिए



एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विधायक श्री सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान एवं कलेक्टर अवनीश शरण सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुविधा के लिए एक और हॉस्टल बनाये जाने की जरूरत है। फिलहाल केवल सवा सौ छात्र-छात्राओं के लिए दो हॉस्टल सुविधा है, जो कि अपर्याप्त है। उन्होंने संचालित इन दोनों छात्रावासों में मेस सुविधा भी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय की मांग के अनुरूप नये ट्रेड्स खोलने की जरूरत भी बताई। जिन ट्रेड्रों में रोजगार एवं नौकरी की संभावनाएं बंद हो गई हैं, उन्हें बंद करने का प्रस्ताव भी संचालनालय भेजने को कहा। आईटीआई वर्तमान में 60 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। इसके सामने के कुछ हिस्से को व्यावसायिक उद्देश्य के लिए परिवर्तित कर संस्थान की आमदनी बढ़ाई जा सकती है। श्री शर्मा ने कहा कि चूंकि यह एशिया की सबसे पहली आईटीआई के रूप में पहचान रखती है। इसलिए इसे हैरिटैज बिल्डिंग के रूप में संरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने संस्थान के परिसर की साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिए।

# कांग्रेस लोकतंत्र को समाप्त करने वाली पार्टी : विजय शर्मा

### आपातकाल लगाए जाने के 49 वर्ष पूरे

### भाजपा ने कांग्रेस पर किया तीखा हमला



**रायपुर( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने देश में आपातकाल लगाए जाने के 49 साल पूरे होने पर मंगलवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। इसी कड़ी में आपातकाल को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, कि कांग्रेस व अन्य पार्टी लोकतंत्र को समाप्त करने वाली पार्टीयां हैं। भाजपा लोकतंत्र की संवाहक पार्टी है। लोकतंत्र का दमन किया गया, उसकी याद आज भी लोगों के जहन में है। डिप्टी सीएम ने कहा कि विगत कांग्रेस सरकार में मिशाबंदियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता, सम्मान राशि बंद कर दी गई थी। भाजपा सरकार बनते ही मिशाबंदियों को सम्मान मिला। इधर आपातकाल की बरसी पर सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कैप्शन में लिखा कि, तानाशाही रवैए की उपज भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल 25 जून 1975 के विरोध में उठी प्रत्येक आवाज और देश को जागृत करने वाली विभूतियों को सादर नमन। नक्सलवाद पर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, कि बस्तर से नक्सलवाद की काली छाया को दूर करना है। बस्तर के गांव- गांव तक विकास को पहुंचाना है। इसके लिए केवल ऑपरेशन ही एक आयाम नहीं है। इसको जड़ से समाप्त करने के लिए अनेक आयामों पर काम किया जाना है। वहीं, प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर पर डिप्टी सीएम ने कहा, कि विगत सरकार की तरह अनुचित कामों के संरक्षण में पुलिस को लगाने की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। पुलिस अब केवल पुलिसिंग पर ध्यान दे रही है। पुलिस को देखते ही दुर्जनों के मन में भय और सज्जनों के मन में शांति, प्रसन्नता और ताकत आनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राशन कार्ड में अपनी फोटो लगवाने गरीबों को लाइन में लगा रहे: दीपक बैज

### पहले नवीनीकरण के लाइन में लगाया अब राशन कार्ड वितरण के लिए यह गरीबों के साथ मजाक

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राशन कार्ड में अपनी फोटो लगाने के लिए गरीबों को लाईन में लगा रहे हैं पहले नवीनीकरण के नाम से सबको परेशान किया गया लाईन में लगाया गया और अब राशन कार्ड वितरण के लिए लाइन में लगाया जा रहा है दफ्तरों के चक्कर लगवाया जा रहा हैं गरीब हताश और परेशान है



भाजपा की सरकार गरीबों के साथ भद्दा मजाक भाजपा की सरकार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में 75 लाख से अधिक राशन कार्ड धारी हैं भाजपा के सरकार बनते ही इन राशन कार्ड धारी को नियमित रुप से राशन नहीं मिल पा रहा है राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से पहले सबको परेशान किया गया कई लोगों का राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं किया गया उनका राशन मिलना बंद हो गया है अब एक बार सबको राशन कार्ड देने के लिए सरकारी दफ्तर में बुलाया जा रहे हैं लंबी-लंबी लाईन लगी हुई है दफ्तर में बैठे अधिकारी कर्मचारी राशन कार्ड धारी को रोज दफ्तर का चक्कर लगवा रहे हैं पहले राशन कार्ड जमा करवाया जाता है कि दूसरे दिन लेने के लिए बुलाया जाता है इससे लोगों के काम धाम रोजी रोजगार पर प्रभाव पड़ रहा हैं महिलाये धूप में दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 15 साल के भाजपा शासन काल के दौरान भी यही स्थिति थी हर महीना राशन कार्ड धारी से कभी आधार कार्ड तो कभी परिचय पत्र मंगाया जाता रहा है आज फिर वही स्थिति निर्मित हो गई है राशन कार्ड में गड़बड़ी कर चावल में घोटाला करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। 15 साल के शासनकाल में 20 लाख फर्जी राशन कार्ड बनाया गया था। 36000 करोड रुपए का नान घोटाला हुआ था और एक बार फिर उसी दिशा में भाजपा की सरकार आगे बढ़ रही है।

# जल संरक्षण के लिए गांव में निकाली गई जल जागरूकता रैली, बताए गए उपाय

### जिला प्रशासन की पहल पर नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के दूसरे दिन जनपद पंचायत तिल्दा में ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलों को प्रभारी नियुक्त किये किए है। उक्त पंचायतों में 24




जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे आज दूसरे दिन तिल्दा जनपद अंतर्गत महिलाओं द्वारा रैली के अतिरिक्त बैनर और दीवार लेखन से जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच जाकर वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, रिचार्ज स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई।

# वी सैमसंग के साथ मिलकर 4 जी-5 जी रेडियो नेटवर्क डिप्लॉयमेन्ट के लिए सक्रिय

**रायपुर।** जाना-माना टेलीकॉम ऑपरेटर वी नई टेक्नोलॉजी जैसे अपने 4 जी एवं 5 जी डिप्लॉयमेन्ट्स के लिए वर्चुअलाइज़्ड रेडियो एक्सेस नेटवर्क (वी-रैन) समाधान हेतू सैमसंग के साथ बातचीत कर रहा है। वी के 4 जी फुटप्रिन्ट को बढ़ाने तथा 5 जी की शुरूआत करने के लिए वी और सैमसंग पिछले 12-18 महीनों से चेन्नई में नेटवर्क ट्रायल में सक्रिय हैं। ट्रायल से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मौजूदा सप्लायर्स के बेहतरीन परफोर्मेन्स को देखते हुए वी ने कर्नाटक और बिहार सर्कल्स में सैमसंग डिप्लॉयमेन्ट्स का विस्तार किया है। इस सेटअप ने इन सर्कलों (चेन्नई, कर्नाटक और बिहार) में एनएसए वी-रैन आर्कीटेक्चर के साथ वी को 5 जी मिनिमम रोलआउट ऑब्लीगेशन (एमआरओ) को पूरा करने में सक्षम बनाया है। वी, वी-रैन समाधान के लिए सैमसंग के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करने तथा रैन डोमेन में क्लाउड फायदों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। पारम्परिक रैन डिप्लॉयमेन्ट्स एवं वी-रैन का अनूठा संयोजन, वी को नई तकनीकों एवं आर्कीटेक्चर से लाभान्वित कर बेहतर परफोर्मेन्स एवं उपभोक्ता के बेहतर अनुभव प्रदान करता है। इस अवसर पर जगबीर सिंह, चीफ़ टेकनिकल ऑफिसर, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, ''नेक्स्ट-जनरेशन रेडियो समाधानों (वी-रैन) में अपनी लीडरशिप का प्रदर्शन करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है जो उपभोक्ताओं को बेहतर टीसीओ के साथ उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। सैमसंग के इनोवेशन और जॉइन्ट टेक्नोलॉजी सामरिक पहलों के माध्यम से किया गया यह वी रैन डिप्लॉयमेन्ट हमारी टेक्नोलॉजी रूपान्तरण योजनाओं एवं वेंडर सिस्टम के अनुरूप है।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया.



# श्रीमंत झा ने पैरा आर्म रेसलिंग में विदेशों में लहराया परचम

**रायपुर( समय दर्शन )।** दोनों हाथों में केवल 4 उंगलियाँ होने के बावजूद भिलाई के श्रीमंत ने इस कमी को अपने लक्ष्य की राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। राष्ट्रीय एव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पैरा आर्म रेसलिंग में नई ऊंचाईयां प्राप्त की। पैरा आर्म रेसलिंग में छत्तीसगढ़ की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी श्रीमंत झा ने आज खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान खेल मंत्री ने देश-विदेश में उनके द्वारा पैरा आर्म रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने उन्हें इस खेल में और निखार लाने के लिए विदेशों में प्रशिक्षण की व्यवस्था करने में आवश्यक सहयोग दिलाने के लिए आश्वस्त किया। वर्तमान में श्रीमंत एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आर्म-रेसलिंग में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किये हैं। पांच विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले श्रीमंत झा का अगला लक्ष्य पैरा ओलंपिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए पदक जीतना है। श्रीमंत की हिम्मत, अथक परिश्रम और देश के लिए कुछ कर गुज़रने की ललक सभी के लिए सच्ची प्रेरणा है। श्रीमंत ने अब तक 48 अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया है।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया नुवा डायमंड कलेक्शन, करीना कपूर खान ने लॉन्च किया कलेक्शन

**रायपुर।** विश्व के छठे सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में अपने हीरे के लेटेस्ट आभूषण संग्रह (ज्वेलरी कलेक्शन)'नुवा (NUWA)'का अनावरण किया. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का 13 देशोंमें 350 सेअधिकस्टोरोंकामजबूतरिटेल नेटवर्कहै. सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कलेक्शन का अनावरण किया. अपनी सदाबहार (टाइमलेस) खूबसूरती के लिए मशहूर करीना नुवा कलेक्शन के सार (एसेंस) को पूरी तरह से मूर्त रूप दे रही हैं. इस प्रकार वह इस लॉन्च के लिए बिल्कुल उपयुक्त ऐम्बैसडर साबित हो रही हैं. यह कलेक्शन भारत के सभी स्टोर पर उपलब्ध है. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमें नुवा कलेक्शन लॉन्च करते हुए काफी अधिक गर्व महसूस हो रहा है जो नेचर और महिलाओं की अदम्य ताकत दोनों को सेलिब्रेट करता है. इस कलेक्शन में शामिल हर पीस को काफी सावधानी और सटीक तरीके से तैयार किया गया है जो प्रकृति की खूबसूरती और महिलाओं के रेजिलिएंस को दिखाता है. हमारे लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि करीना कपूर खान ने इस कलेक्शन को लॉन्च किया है क्योंकि वह नुवा के सौंदर्य और धाक का बखूबी प्रतिनिधित्व करती हैं. नुवा कलेक्शन प्रकृति (नेचर) की जटिल डिजाइनों, तरंगों, रूपों, तहोंऔरबनावटोंको दिखातीहै, जिन्हें हीरे के गहनों में बहुत खूबसूरती से पिरोया गया है.प्राकृतिक संसार (नेचुरल वर्ल्ड) में पाई जाने वाली खूबसूरती और लचीलता से प्रेरणा लेते हुए इस कलेक्शन के हर पीस को काफी सुंदर तरीके से तैयार किया गया है, समय के साथ रिफाइन किया गया है, और कला के एक सुंदर शिल्प के रूप में उकेरा गया है, ठीक उसी तरह जैसे महिलाएं उतार-चढ़ाव से निपटती हैं, और अपने सपनों को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्प लेती हैं. हर पीस महिलाओं की सुंदरता, शक्तिऔरशालीनताको दिखाता है. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का नुवा कलेक्शन आज की महिलाओं को दिखाता है जो हर क्षेत्र में अच्छा काम करना चाहती हैं।

# हायर इंडिया ने पेश किया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर, डिजाइन और इनोवेशन का परफेक्ट मिश्रण

**रायपुर।** लगातार 15 वर्षों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपना नया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर लॉन्च किया है, जो इनोवेशन और प्रीमियम खूबसूरती का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किए गए नए एयर कंडीशनर में 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी, हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी मौजूद हैं। 1.6 टन और 1.0 टन के साथ यह सभी रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगा। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इनोवेटिव उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध, हायर इंडिया लगातार उपभोक्ता की इंस्पायर्ड लिविंग जैसी मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हुआ है। कस्टमर-ड्रिवन इनोवेशन को ध्यान में रखते हुए, ब्रांड नए लॉन्च के साथ उपभोक्ताओं के लिए एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष, श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को प्राथमिकता देना हमारे सिद्धांतों का मूल आधार रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, रोजमर्रा की जिंदगी को स्मार्ट, सुविधाजनक और आरामदायक बनाने वाले इनोवेटिव सोल्यूशंस पेश करने के साथ-साथ, हमने ऐसे उत्पादों का एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया है जो सौंदर्यपूर्ण रूप से डिज़ाइन किए गए प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करते हैं।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा सूचना ::

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी-डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम नम्बर | तृतीय निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **155182** | 02 | Providing, laying, jointing, testing and commissioning of Distribution Network 100mm to 150mm dia D.I. K-7 Pipe with suitable joints all fittings including all allied civil works with testing and 03 months trial run under Bemetara Aug. Water Supply Scheme, District – Bemetara.<br>100mm dia D.I. K-7 pipe - 1800<br>150mm dia D.I. K-7 pipe - 550 | **60.19** |

1. **बिड प्रारंभ की तिथि – 26.06.2024**
2. **बिड सबमिशन की अंतिम तिथि – 02.07.2024**

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 26.06.2024 से देखे जा सकते है।

G-242500517/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बेमेतरा (छ.ग.)**

## संपादकीय

# जीरो टेरर प्लान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है। केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोड़ने की बात भी दोहराई। आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया। घटना में सात सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हुए हैं। हालांकि इस दरम्यान मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकी मारे गिराए जिनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। उनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद हुए। सरकार के कड़े रुख और स्पष्ट निर्देशों के चलते सैन्य बलों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। खासकर मोदी सरकार के शांति बहाली के प्रयासों से स्थानीय रहवासी भी सुकून की सांस ले पा रहे हैं। सीमा पार से आतंक रोकने और घुसपैठियों का खात्मा करने की कोशिशों का ही नतीजा है कि कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा कवर लगाने का आह्वान तथा तीर्थस्थलों और सभी पर्यटन स्थलों के प्रति सुरक्षा बढ़ाने की कवायद में तेजी लाने का असर जल्द देखने को मिल सकता है। मानव खुफिया जानकारी जुटाने और घुसपैठ के ठिकानों को बंद करने के अलावा क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने निर्णय केंद्र के सकारात्मक प्रयासों का नमूना है। प्रतीत हो रहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने पूरी तैयारी के साथ आतंकवाद से जूझने के लिए कमर कस ली है।

# नीट परीक्षा की पवित्रता पर प्रश्निनचिन्ह

**अजय दीक्षित**

देश के प्राइवेट और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए) नीट परीक्षा आयोजित कराती है । (नेशनल एलिजिबिलिटी और इन्टरैंस टेस्ट) । इस वर्ष यह परीक्षा 7 मई को आयोजित हुई थी । परीक्षा के तत्काल बाद अनेक शहरों के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा रद्द करके पुनः परीक्षा की मांग की । शुरू में तो केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परीक्षा की पवित्रता पर प्रश्नचिन्ह उठाने वालों को नकारा । पर जैसे-जैसे समय बीतता गया मालूम हुआ कि वास्तव में पेपर लीक हुआ था । पिछले दिन बिहार में पकड़े गये एक छात्र ने बतलाया कि परीक्षा से पहली रात उसे जिन प्रश्नों के उत्तर रटवाये गये थे, अगले दिन परीक्षा में हू-ब-हू वही प्रश्न आये । इस छात्र का कहना है कि उसके फूफा ने उसे एक रात पहले कोटा से पटना बुलाया और उसे बिचौलिए ने लगभग 25-30 लाख रुपये लिये । अब पुलिस को धरपकड़ में और भी छात्र-छात्राओं ने स्वीकारा कि उन्हें पर्चा पहले से मालूम था । असल में टेस्ट की पूरी प्रक्रिया क्या है ? किसी एक व्यक्ति से पहले पेपर बनवाया जाता है । अब कहा जा रहा है कि कई व्यक्ति पेपर बनाते हैं और फिर कोई एक वरिष्ठ इन सभी प्रश्न पत्रों को मिलाकर एक नया पेपर तैयार करता है । इस व्यक्ति की विश्वसनीयता पर कोई शक नहीं कर सकता क्योंकि यह व्यक्ति बहुत वरिष्ठ और निष्ठावान होता है । अब प्रश्न पत्र टाइपकिया जाता है । कहा जाता है कि जो इसे टाइप करता है उसे परीक्षा होने तक एक प्रकार से कैद में रखा जाता है । या उस पर पूरी निगरानी रखी जाती है । अब प्रश्न पत्र छपने के लिए किसी प्रिंटिंग प्रेस को भेजा जाता है । इस प्रेस का नाम भी कोई नहीं जान सकता । फिर पेपर कहां से लीक होता है ? कहते हैं कि विभिन्न केन्द्रों में जो पेपर पहले भेज दिये जाते हैं, उन केन्द्रों से कहीं पेपर पहले खोल कर उसे लीक किया जाता है । यद्यपि यह भी असंभव लगता है क्यों कि परीक्षा के दिन पेपर पर पर्यवेक्षकों के सामने खोल जाता है और उनके हस्ताक्षर लिये जाते हैं । फिर हर सेंटर पर एन.टी.ए. का एक प्रतिनिधि भी रहता है ? शायद पेपर बनाने वाले या टाइप करने वाले या केन्द्र से पेपर लीक होता है । इसकी जो जांच हो रही है वह गोपनीय है । अतः विश्वास पूरक यह कहना कठिन है कि पेपर कहीं से लीक होता है । बिहार, गुजरात और अन्यत्र पकड़े गये लड़के और लड़कियों ने स्वीकारा है कि उन्हें परीक्षा की पहली रात पेपर रटाया गया था, अब कहते हैं कि इस माफिया ग्रुप को कई करोड़ का लेन-देन प्रकट हुआ है । यह प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है । 20 जून को हुई सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद अब आगामी तारीख 7 जुलाई को दी गई है । सुप्रीम कोर्ट ने चयन के लिए होने वाले साक्षात्कार पर रोक लगाने से अभी मना कर दिया है । पर जिस तरह से कुछ छात्रों ने पेपर लीक को स्वीकारा है तो क्या यह परीक्षा रद्द होगी । चलते-चलते खबर आई है कि यू.जी.सी. की नेट परीक्षा जो 16 जून को हुई थी उसे यू.जी.सी. ने निरस्त कर दिया है क्योंकि मंत्रालय को शक है कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है । असल में इस परीक्षा के लिए विद्यार्थी बहुत मेहनत करता है । जो ज्यादा अंक पाते हैं उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज मिल जाता है । यहां फीस भी कम लगती है और पढ़ाई का स्तर भी काफी ऊंचा है । प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में फीस कई गुना ज्यादा है और वहां की फैकल्टी भी उतनी अच्छी नहीं होती । इससे आगे चलकर उस विद्यार्थी को पी.जी. में प्रवेश भी नहीं मिल पाता । सरकारी मेडिकल कॉलेज में पढ़े हुए को नौकरी भी अच्छे अस्पतालों में मिल जाती है । कुल प्रश्न बच्चों की मेहनत का है । कोटा या अन्यत्र इतना पैसा खर्च करके विद्यार्थी जो तैयारी करता है, वह व्यर्थ जाती है यदि परीक्षा रद्द कर दी जाती है । आगे आने वाले दिनों में ही पता चलेगा कि सरकार क्या निर्णय लेती है और सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला सुनाता है ।

# कांग्रेस की हालत सुधरी, लेकिन इतिहास रचने से रह गई

**उमेश चतुर्वेदी**

सोलहवीं और सत्रहवीं लोकसभा के चुनाव नतीजों की तुलना में देखें तो अठारहवीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 99 सीटों पर जीत बड़ी कही जा सकती है। इस पर कांग्रेस नेताओं का इतराना स्वाभाविक भी है। स्वाधीनता आंदोलन की प्रतिनिधि माने जाते रहे राजनीतिक दल का शीर्ष नेतृत्व इस तरह खुश हो रहा है, मानो उसने बड़ा तमगा हासिल कर लिया हो। लेकिन क्या यह कामयाबी इतनी बड़ी है कि पार्टी को इसकी खुशी में झूमना चाहिए? देश पर सबसे ज्यादा और तकरीबन सभी राज्यों में सबसे अधिक वक्त तक जिस पार्टी की सरकार रही हो, क्या उसके लिए यह जीत बड़ी मानी जा सकती है?

1885 में एओ ह्यूम ने कांग्रेस की स्थापना यह सोचकर नहीं की थी कि आने वाले दिनों में वह उनकी ही नस्ल के शासन के खिलाफ उठ खड़ी होगी, बल्कि भारतीय आजादी की मांग के साथ हुंकार भरने लगेगी। ह्यूम ने यह भी शायद ही सोचा होगा कि अंग्रेजी सरकार के खिलाफ भारतीयों के गुस्से के तार्किक इजहार के लक्ष्य से स्थापित कांग्रेस उन्हीं की प्रतिनिधि पार्टी बन जाएगी। पहले तिलक और बाद में गांधी का स्पर्श पाकर कांग्रेस ने जैसे अपना चोला बदल लिया। इसका फल उसे आजादी के बाद मिला और तीस सालों तक लगातार वह शासन में रही। उसे पहली बार 1977 में झटका लगा। लेकिन वह जल्द ही वापसी करने में कामयाब रही। ऐसे ही अल्पकालिक झटके उसे, 1989 और 1996 में भी लगे। 1998 में लगे झटके के ठीक अगले साल वह वापसी करती दिखी, लेकिन उसी साल हुए चुनावों के बाद पांच साल के लिए बाहर हो गई। कांग्रेस के इतिहास में यह पहला मौका रहा, जब उसे लगातार पांच साल के लिए सत्ता से बाहर रहना पड़ा। 2004 में अल्पमत से ही सही उसने वापसी की और दस साल तक गठबंधन का सरकार चलाया। लेकिन 2014 के चुनावों में उसकी ऐतिहासिक हार हुई और वह महज 44 सीटों पर सिमट गई। देश पर सबसे ज्यादा वक्त शासन करने वाली पार्टी को नेता प्रतिपक्ष तक का पद नहीं मिला और यही स्थिति 2019 में भी रही, बेशक आठ सीटें बढ़ गईं। दिलचस्प यह है कि गांधी-नेहरू परिवार के चश्म-ए-चिराग के हाथों में पूरी कमान थी। इससे पार्टी में निराशा फैलना स्वाभाविक था, जिसे कांग्रेस



अध्यक्ष पद से राहुल गांधी के इस्तीफे से चरम अभिव्यक्ति मिली।

पांच साल पहले के आम चुनावों की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। दिलचस्प यह है कि इनमें पिछली बार जीती गईं, 13 सीटें शामिल नहीं हैं। क्योंकि तेरह सीटें कांग्रेस हार चुकी है। फिर भी पार्टी ऐसे उछल रही है, मानो उसने तीन सौ सीटें जीत ली हो। पार्टी कुछ वैसे ही खुश नजर आ रही है, जैसे चार दशक पहले के चुनाव में मिली जीत से प्रसन्न थी। इंदिरा की हत्या की पृष्ठभूमि में हुए 1984 के आम चुनावों में पार्टी को 415 सीटें मिली थीं। 99 सीटों की जीत वाली यह उस कांग्रेस की खुशी है, जिसे आपातकाल के गुस्से के बावजूद 1977 40 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट और 189 सीटें मिली थीं। जबकि 2024 के चुनावों की तुलना 1977 से हो भी नहीं सकती। कांग्रेस के ही आला नेता राजीव गांधी ने देश को इक्कीसवीं सदी में तरक्की के साथ आगे बढ़ाने का संदेश दिया था। इक्कीसवीं सदी में कूटनीतिक, आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर देश काफी आगे बढ़ गया है। लेकिन कांग्रेस सौ सीटों का भी आंकड़ा नहीं छू पाई और उछल रही है।

कांग्रेस से जुड़े आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलेगा कि बुरे से बुरे दिनों में भी पार्टी सौ से ज्यादा संसदीय सीटें कब्जाती रही। 1996, 1998, 1999 और 2004 के चुनाव ऐसे रहे, जिनमें कांग्रेस दो सौ का आंकड़ा नहीं छू पाई, लेकिन सौ से नीचे भी नहीं गई। 1996 में 140 और 1998 में 141 सीटों पर ही सिमट गया था। पार्टी 1999 और 2004 के आम चुनावों में भी दो सौ की सीट संख्या को पार नहीं कर पाई। उसे क्रमशः 114 और 145 सीटें मिलीं। यह बात और है कि 2004 में बीजेपी उससे छह सीटें कम जीत सकी, इसलिए पार्टी को सरकार बनाने का मौका मिल गया। लेकिन अगले आम चुनाव में पार्टी ने ठीकठाक उछाल मारा और 206 सीटों पर पहुंच गई। तब से तीन चुनाव हो चुके हैं और वह सौ का आंकड़ा तक नहीं छू पाई है।

चुनावी अभियान में जुबानी जंग होती रही है। लेकिन चुनाव बीतते ही उसे भुला दिया जाता है। लेकिन कांग्रेस की अकड़ देखिए। पार्टी अपने से करीब ढाई गुनी ज्यादा सीट जीतने वाली बीजेपी को नैतिक रूप से हारी हुई पार्टी बता रही है। जयराम रमेश कह चुके हैं कि पार्टी नैतिक और राजनीतिक रूप से चुनाव हार चुकी है। पार्टी की जुबानी खराश चुनाव बाद भी दूर होती नजर नहीं आ रही। नई सरकारें बनने के बाद विपक्ष की ओर से भी औपचारिक शुभकामना संदेश देने का चलन रहा है। लेकिन कांग्रेस की ओर से शुभकामनाएं तक नहीं भेजी गई हैं। विपक्षी दलों की ओर से शपथ समारोह में शामिल होने की परंपरा रही है। लेकिन कांग्रेस का आला नेतृत्व इससे दूर रहा। इससे संदेश यह गया कि पार्टी नेतृत्व अकड़ में है।

सोशल मीडिया के दौर ने सामाजिक परिदृश्य को दो हिस्सों में साफ बांट दिया है। तटस्थता की अवधारणा कमजोर हुई है। सोशल मीडिया मंच पर वही सफल है, जो या तो पक्ष में है या विपक्ष में। दोनों पक्ष अपने-अपने तरीके से अपने लिए तर्क और कुतर्क गढ़ते रहते हैं। उनके समर्थकों को इससे लेना-देना नहीं कि तर्क है या कुतर्क है। इसी तरह राजनीति भी साफ खांचे में बंट गई है। राजनीति भी कुतर्क को तर्क के मुलम्मे में लपेटकर अपने उन्मादी समर्थकों को और ज्यादा उन्मादी बना रही है। कांग्रेस की ओर से सत्ता पक्ष के लिए कड़वापन इसी प्रवृत्ति का विस्तार लगता है। यह बात और है कि लोकतंत्र में उन्मादी वैचारिकता और सोच की कोई जगह नहीं होती। कांग्रेस के पूरे चुनाव अभियान में भाषायी स्तर नीचे उतरता ही दिखा। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगल सूत्र और सांप्रदायिकता की बात की तो उसकी खूब आलोचना हुई। मीडिया के एक हिस्से और विपक्ष ने उस पर खूब सवाल उठाया। लेकिन उसी दौरान राहुल गांधी की भाषा मर्यादा के दायरे से लगातार बाहर जाती दिखी। लेकिन उस पर सवाल नहीं उठा। तब राहुल कहा करते थे कि लिख कर रख लो, मोदी इस बार गया। राहुल यह भी कहते थे कि बीजेपी 180 से आगे नहीं बढ़ेगी।

बीजेपी का जो हुआ, वह सामने है। लेकिन राहुल के इस बयान से साफलग रहा था कि वे बीजेपी को हराने की बजाय उसकी सीटें घटाने के लिए लड़ रहे हैं। तकरीबन समूचे विपक्ष का रवैया भी ऐसा ही रहा। विपक्ष की चुनावी रणनीति और अभियान देखकर ऐसा लगता रहा कि विपक्ष मोदी को हराने नहीं, उनकी ताकत घटाने की लड़ाई लड़ रहा है। सबकी कोशिश यही लग रही थी कि किसी भी तरह से बीजेपी को बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने से रोका जाए। कहना न होगा कि विपक्ष अपने इस उद्देश्य में सफल रहा। अगर कांग्रेस का चुनावी लक्ष्य यही था तो उसका खुश होना स्वाभाविक है। निश्चित रूप से वह बीजेपी की सीटें घटाने की लड़ाई में कामयाब रही है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में कांग्रेस भूल गई है कि कार्यकर्ताओं को जोड़े रखने के लिए सत्ता ही फेविकोल की भूमिका निभाती है। कांग्रेस लगातार दो कार्यकाल से सत्ता से बाहर है और तीसरी बार भी बाहर ही हो गई। अगर वह इसी तरह कमजोर प्रदर्शन करती रहेगी तो सत्ता उससे दूर रहेगी। सत्ता का शहद नहीं होगा तो मधुमक्खियां भी दूर ही रहेगी।

# योग दिवस पर एक ही दिन में बने कई विश्व रिकॉर्ड

**योगेश कुमार गोयल**

योग का भारत में संस्कृति के साथ सदियों पुराना जुड़ाव है बल्कि यूं भी कह सकते हैं कि भारत में योग की शुरुआत भारतीय संस्कृति के साथ ही जुड़ी है। भारत ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्षों में योग दिवस पर कई रिकॉर्ड बने हैं।

2015 से लेकर अब तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कुल 35985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया था जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना था, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया था, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उस योग कार्यक्रम के लिए करीब 300 मीटर चौड़ी दो सड़कों के 4 किलोमीटर लंबे हिस्से को योग प्रतिभागियों कालीन से ढ़का गया था। उससे पहले यह रिकॉर्ड 2018 में राजस्थान के कोटा शहर के नाम दर्ज था, जहां योग सत्र में करीब एक लाख लोग जुटे थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड़ स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय के साथ



140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड़ स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। वहीं, हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

हालांकि अक्षर योग केंद्र ने त्रिपुरा वासिनी, पैलेस ग्राउंड, बेंगलुरु में प्रभावशाली वैश्विक भागीदारी में सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार करने की योग की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए कुल सात आसनों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए प्रयास किया था लेकिन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने सभी मानकों का अध्ययन करने के बाद इनमें से पांच आसनों में रिकॉर्डों को मान्यता प्रदान की जबकि दो आसनों पर रिकॉर्ड की मान्यता अभी समीक्षाधीन है, जिन्हें विचार के लिए लंदन भेजा जाएगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के वरिष्ठ निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर और ऋषिनाथ के मुताबिक 5 रिकॉर्ड सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। इसकी पुष्टि करते हुए स्वप्निल डांगरीकर का कहना था, ''मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि टीम अक्षर योग केंद्र ने सफलतापूर्वक 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब स्थापित किए हैं और मुझे याद नहीं आता कि मैंने एक ही दिन में इतने सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाणपत्र दिए हैं।''

अक्षर योग केंद्र द्वारा ये विश्व रिकार्ड बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें छात्र, अनाथालयों के बच्चे, व्यापारिक समुदाय के सदस्य और कॉरपोरेट घराने भी शामिल थे। इसमें भाग लेने वाले एनसीसी ग्रुप 'ए' बेंगलुरू के 1200 से अधिक एनसीसी कैडेटों का भी विशेष योगदान रहा। उनके साथ उप महानिदेशक, एनसीसी डीटीई कर्नाटक और गोवा, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय 'ए' बेंगलुरु, कमांडिंग ऑफिसर, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, ग्रुप 'ए' एनसीसी बटालियन के स्थायी प्रशिक्षक भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा थे। इस गरिमामय समारोह में 20 से अधिक विभिन्न देशों के प्रतिभागी शामिल हुए थे। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के अनुसार योग दिवस के मौके पर ये रिकॉर्ड बनाने का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर योग के असंख्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दुनियाभर के लोगों को समग्र स्वास्थ्य और आंतरिक शांति के लिए इस अभ्यास को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिमालयन सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इस अवसर पर योग के गहन प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया, साथ ही समर्पित अभ्यास के माध्यम से अनुशासन का प्रदर्शन किया गया।

उल्लेखनीय है कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित अक्षर योग केंद्र इसके विविध लाभों को प्रदर्शित करने के लिए नियमित रूप से फिटनेस शिविर, मुद्रा कार्यशालाएं और ध्यान सत्र आयोजित करता है। हिमालयन सिद्ध अक्षर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित एक आध्यात्मिक योग गुरु हैं, जो अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, अध्यक्ष, पाठ्यक्रम निदेशक, विश्व योग संगठन के अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्ध फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। योग गुरु अक्षर का कहना है कि योग शरीर, मन और आत्मा का एक अभिन्न अंग है। योग इन तत्वों को एकजुट करता है और मानवता के लिए एक अनमोल उपहार के रूप में कार्य करता है। एक साथ पांच विश्व रिकॉर्ड कायम करने की उपलब्धि को लेकर उनका कहना है कि यह अविस्मरणीय घटना वास्तव में लोगों के लिए एक आशीर्वाद है, जो उन्हें योग के अभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। यह दुनियाभर में एक शक्तिशाली संदेश भेजती है, जिससे हर किसी को योग के गहन महत्व और इसके लाभों का अहसास होता है। इसके अलावा यह उपलब्धि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती है, साथ ही समग्र स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत करती है।

अक्षर योग केंद्र द्वारा एक साथ बनाए गए पांच विश्व रिकॉर्ड के अलावा एशियन योग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता 20 वर्षीया भूमि तिवारी ने भी जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट और भारतीय आदर्श योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मोती महल के लॉन में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान 'रामदूत आसन' की मुद्रा को निरंतर 35 मिनट और 27 सैकेंड तक बनाए रखते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। भूमि के मुताबिक 'रामदूत आसन' में पैरों को विपरीत दिशाओं में सबसे ज्यादा फैलाना और फिर सामने वाले पैर की उंगलियों को छूने के लिए झुकना होता है और यह सबसे कठिन, 'डी' श्रेणी का आसन है, जिसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 0.9 अंक प्राप्त हुआ है। भूमि तिवारी द्वारा बनाए गए इस नए रिकॉर्ड की सूचना 'योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल' को दी गई है।



# शिव की शक्ति हैं षोडशी देवी

षोडशी माहेश्वरी शक्ति की सबसे मनोहर श्रीविग्रहवाली सिद्ध देवी हैं। महाविद्याओं में इनका चौथा स्थान है। सोलह अक्षरों के मंत्रवाली इन देवी की अंगकांति उदीयमान सूर्यमण्डल की आभा की भांति है। इनकी चार भुजाएं एवं तीन नेत्र हैं। ये शांतमुद्रा में लेटे हुए सदाशिव पर स्थित कमल के आसन पर आसीन हैं। इनके चारों हाथों में क्रमशः पाश, अंकुश, धनुष और बाण सुशोभित हैं। वर देने के लिए सदा सर्वदा तत्पर भगवती का श्रीविग्रह सौम्य और हृदय दया से आपूरित है। जो इनका आश्रय ग्रहण कर लेते हैं, उनमें और ईश्वर में कोई भेद नहीं रह जाता है। वस्तुतः इनकी महिमा अवर्णनीय है। संसार के समस्त मंत्र तंत्र इनकी आराधना करते हैं। वेद भी इनका वर्णन करने में असमर्थ हैं। भक्तों को ये प्रसन्न होकर सब कुछ दे देती हैं, अभीष्ट तो सीमित अर्थवाच्य है।

प्रशान्त हिरण्यगर्भ ही शिव हैं और उन्हीं की शक्ति षोडशी हैं। तन्त्रशास्त्रों में षोडशी देवी को पंचवक्त्र अर्थात पांच मुखों वाली बताया गया है। चारों दिशाओं में चार और एक ऊपर की ओर मुख होने से इन्हें पंचवक्त्रा कहा जाता है। देवी के पांचों मुख तत्पुरुष, सद्योजात, वामदेव अघोर और ईशान शिव के पांचों रूपों के प्रतीक हैं। पांचों दिशाओं के रंग क्रमशः हरित, रक्त, धूम्र, नील और पीत होने से ये मुख भी उन्हीं रंगों के हैं। देवी के दस हाथों में क्रमशः अभय, टंक, शूल, वज्र, पाश, खड्ग, अंकुश, घण्टा, नाग और अग्नि हैं। इनमें षोडश कलाएं पूर्ण रूप से विकसित हैं, अतएव ये षोडशी कहलाती हैं।

षोडशी को श्रीविद्या भी माना जाता है। इनके ललिता, राज राजेश्वरी, महात्रिपुरसुन्दरी, बालापंचदशी आदि अनेक नाम हैं। इन्हें आद्याशक्ति माना जाता है। अन्य विद्याएं भोग या मोक्ष में से एक ही देती हैं। ये अपने उपासक को भुक्ति और मुक्ति दोनों प्रदान करती हैं। इनके स्थूल, सूक्ष्म, पर तथा तुरीय चार रूप हैं।

एक बार परामबा पार्वतीजी ने भगवान शिव से पूछा- भगवन! आपके द्वारा प्रकाशित तन्त्रशास्त्र की साधना से जीवन के आधि व्याधि, शोक संताप, दीनता हीनता तो दूर हो जायेंगे, किन्तु गर्भवास और मरण के असह्य दुख की निवृत्ति तो इससे नहीं होगी। कृपा करके इस दुख से निवृत्ति और मोक्षपद की प्राप्ति का कोई उपाय बताइये। परम कल्याणमयी परामबा के अनुरोध पर भगवान शंकर ने षोडशी श्रीविद्या साधना प्रणाली को प्रकट किया। भगवान शंकराचार्य ने भी श्रीविद्या के रूप में इन्हीं षोडशी देवी की उपासना की थी। इसीलिये आज भी शांकरपीठों में भगवती षोडशी राजराजेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की श्रीयन्त्र के रूप में आराधना चली आ रही है। भगवान शंकराचार्य ने सौन्दर्यलहरी में षोडशी श्रीविद्या की स्तुति करते हुए कहा है कि अमृत के समुद्र में एक मणि का द्वीप है, जिसमें कल्पवृक्षों की बारी है, नवरत्नों के नौ परकोटे हैं, उस वन में चिन्तामणि से निर्मित महल में ब्रम्हमय सिंहासन है, जिसमें पंचकृत्य के देवता ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर आसन के पाये हैं और सदाशिव फलक हैं। सदाशिव के नाभि से निर्गत कमल पर विराजमान भगवती षोडशी त्रिपुरसुन्दरी का जो ध्यान करते हैं, वे धन्य हैं। भगवती के प्रभाव से इन्हें भोग और मोक्ष दोनों सहज ही उपलब्ध हो जाते हैं। भैरवयामल तथा शक्तिलहरी में इनकी उपासना का विस्तृत परिचय मिलता है। दुर्वासा इनके परमाराधक थे। इनकी उपासना श्रीचक्र में होती है।

# मणिद्वीप की अधिष्ठात्री भुवनेश्वरी देवी



देवी भागवत में वर्णित मणिद्वीप की अधिष्ठात्री देवी हल्लेखा मंत्र की स्वरूपा शक्ति और सृष्टि में महालक्ष्मी स्वरूपा आदिशक्ति भगवती भुवनेश्वरी भगवान शिव के समस्त लीला विलास की सहचरी हैं। जगदम्बा भुवनेश्वरी का स्वरूप सौम्य और अंगकान्ति अरुण है। भक्तों को अभय और समस्त सिद्धियां प्रदान करना इनका स्वाभाविक गुण है। दशमहाविद्याओं में ये पांचवें स्थान पर परिगणित हैं। देवी पुराण के अनुसार मूल प्रकृति का दूसरा नाम ही भुवनेश्वरी है। ईश्वर रात्रि में जब ईश्वर के जगद्रूप व्यवहार का लोप हो जाता है, उस समय केवल ब्रह्म अपनी अव्यक्त प्रकृति के साथ शेष रहता है, तब ईश्वर रात्रि की अधिष्ठात्री देवी भुवनेश्वरी कहलाती हैं। अंकुश और पाश इनके मुख्य आयुध हैं। अंकुश नियंत्रण का प्रतीक है और पाश राग अथवा आसक्ति का प्रतीक है। इस प्रकार सर्वरूपा मूल प्रकृति ही भुवनेश्वरी हैं, जो विश्व को वमन करने के कारण वामा, शिवमयी होने से ज्येष्ठा तथा कर्म नियंत्रण, फलदान और जीवों को दंडित करने के कारण रौद्री कही जाती हैं। भगवान शिव का वाम भाग ही भुवनेश्वरी कहलाता है। भुवनेश्वरी के संग से ही भुवनेश्वर सदाशिव को सर्वेश होने की योग्यता प्राप्त होती है।महानिर्वाण तंत्र के अनुसार संपूर्ण महाविद्याएं भगवती भुवनेश्वरी की सेवा में सदा संलग्न रहती हैं। सात करोड़ महामंत्र इनकी सदा आराधना करते हैं। दशमहाविद्याएं ही दस सोपान हैं। काली तत्व से निर्गत होकर कमला तत्व तक की दस स्थितियां हैं, जिनसे अव्यक्त भुवनेश्वरी व्यक्त होकर ब्रह्मांड का रूप धारण कर सकती है तथा प्रलय में कमला से अर्थात व्यक्त जगत से क्रमशः लय होकर कालीरूप में मूल प्रकृति जाती हैं। इसलिये इन्हें काल की जन्मदात्री भी कहा जाता है। दुर्गासप्तशती के ग्यारहवें अध्याय के मंगलाचरण में भी कहा गया है कि मैं भुवनेश्वरी देवी का ध्यान करता हूं। उनके श्रीअंगों की शोभा प्रातःकाल के सूर्यदेव के समान अरुणाभ है। उनके मस्तक पर चंद्रमा का मुकुट है। तीन नेत्रों से युक्त देवी के मुख पर मुस्कान की छटा छायी रहती है। उनके हाथों में पाश, अंकुश, वरद एवं अभय मुद्रा शोभा पाते हैं। इस प्रकार बृहन्नीलतंत्र की यह धारणा पुराणों के विवरणों से भी पुष्ट होती है कि प्रकारान्तर से काली और भुवनेशी दोनों में अभेद है। अव्यक्त प्रकृति भुवनेश्वरी ही रक्तवर्णा काली हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गम नामक दैत्य के अत्याचार से संतप्त होकर देवताओं और ब्राह्मणों ने हिमालय पर सर्वकारण स्वरूपा भगवती भुवनेश्वरी की ही आराधना की थी। उनकी आराधना से प्रसन्न होकर भगवती भुवनेश्वरी तत्काल प्रकट हो गयीं। वे अपने हाथों में बाण, कमल पुष्प तथा शाक मूल लिये हुए थीं। उन्होंने अपने नेत्रों से अश्रुजल की सहस्त्रों धाराएं प्रकट कीं। इस जल से भूमण्डल के सभी प्राणी तृप्त हो गये। समुद्रों तथा सरिताओं में अगाध जल भर गया और समस्त औषधियां सिंच गयीं। अपने हाथ में लिये गये शाकों और फल मूल से प्राणियों का पोषण करने के कारण भगवती भुवनेश्वरी ही शताक्षी और शाकम्भरी नाम से विख्यात हुईं। इन्होंने ही दुर्गमासुर को युद्ध में मारकर उसके द्वारा अपहृत वेदों को देवताओं को पुनः सौंपा था। उसके बाद भगवती भुवनेश्वरी का एक नाम दुर्गा प्रसिद्ध हुआ। भगवती भुवनेश्वरी की उपासना पुत्र प्राप्ति के लिए विशेष फलप्रदा है। रुद्रयामल में इनका कवच, नीलसरस्वती तंत्र में इनका हृदय तथा महातन्त्रार्णव में इनका सहस्त्रनाम संकलित है।

# लक्ष्मी का रूप है शुक्र ग्रह




**शुक्र ग्रह को वैदिक अथवा पश्चिमी ज्योतिषाचार्यों ने स्त्री ग्रह का दर्जा दिया है। शुक्र जनन सम्बन्धी रोग अधिक पैदा करता है। स्त्रियों में रज और पुरुषों में वह वीर्य का मालिक होता है। शुक्र जब खराब फल देता है तो जातक को प्रमेह मन्दबुद्धि वीर्य और रज विकार नपुंसकता और जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग होते हैं।**

यदि किसी प्रकार से दवाई के प्रयोग करने के बाद भी रोग का अन्त नहीं हो तो समझना चाहिए कि कुन्डली में शुक्र किसी न किसी प्रकार से खराब है और शुक्र का समय भी चल रहा होता है। शुक्र का प्रभाव जब अच्छा होता है तो जातक के पास जमीन जो खेती के काबिल होती है वह प्राप्त होती है, स्त्री सम्बन्धी सुख प्राप्त होता है, घर की सजावट संबंधी सामान आता है आदि।

शुक्र ग्रह के कारण पैदा किसी भी बीमारी के लिए जातक को भूत-डामर तंत्र के अनुसार तुलादान करना चाहिए। तुलादान में प्रयोग किए जाने वाले कारकों में सफ़ेद वस्त्र चावल फल पका हुआ स्वच्छ अन्न प्रयोग किया जाता है। जिन जातकों का जन्म 6 तारीख के जोड में हुआ हो वे शुक्र की पूजा अर्चना करने के बाद जाप करें तथा हीरा या जर्किन नामका पत्थर धारण करें। फ़िरोजा साढे पांच रत्ती का भी लाभदायक होता है। शुक्राचार्य ने भगवान विष्णु को वामन अवतार धारण करते वक्त पृथ्वी को दान में न देने के लिए अपनी एक आंख कमंडल में संकल्प के लिये जल नही आने देने के लिये फुड़वा ली थी। तभी से शुक्र का रूप एक आंख का माना जाता है। मान्यता है कि माया की एक आंख होती है वह या तो आती नहीं और आती है तो उसे टिकाने के लिए एक ही लक्ष्य को याद रखना पडता है अच्छा या फिर बुरा। जो व्यक्ति भोर का तारा यानी शुक्र के उदय के समय जागकर अपने नित्य कर्मों में लग जाता है वह लक्ष्मी का धारक बन जाता है और जो व्यक्ति सूर्योदय के समय जग कर अपने नित्य कर्मों के अन्दर लगता है वह संसार के साथ चल कर केवल पेट भरने का काम कर सकता है।

# भगवान की आकृति दर्शन करने का माध्यम है...



प्रत्येक आनुष्ठानिक पूजा-भजन की समाप्ति पर अथवा साधु-महात्मा का स्वागत करते समय हम आरती उतारते हैं। इसके बाद घंटी बजाई जाती है, कई बार भजन गाया जाता है और वाद्य-संगीत तथा ताली भी बजती रहती है। आरती पूजा-विधि के सोलह सोपानों में से एक है। इसका संबंध मंगलमय प्रकाश से है। जलता हुआ दीपक दाएं हाथ में लेकर भगवान की सम्पूर्ण आकृति को प्रकाशित करने के लिए दीपशिखा को दाईं ओर से आरंभ करके गोलाकार ढंग से घुमाया जाता है। घूमते हुए प्रकाश के साथ-साथ हम मन ही मन या फिर बोल कर प्रार्थना करते रहते हैं अथवा दीपक के प्रकाश से प्रदीप्त भगवान की सुंदर आकृति को केवल निहारते रहते हैं। आरती के पश्चात हम अपने हाथ दीपक की लौ पर ले जाकर हल्के से अपनी आंखों को छू कर सिर के ऊपर लगाते हैं। इसका अर्थ है जिस प्रकाश ने भगवान की आकृति को प्रदीप्त किया वही मेरी अंतर्दृष्टि को प्रकाशित करें। मेरी दृष्टि दिव्य बने, विचार शुद्ध एवं सुंदर हों। प्रेम से भगवान की पूजा कर लेने पर अभिषेक, मूर्ति को सजाने और फल-भोजन आदि सणर्पित कर लेने पर हमें उनकी सुंदरता सम्पूर्ण रूप में दिखाई देती है।

# धन, संपदा, ऐश्वर्य और ख्याति को आमंत्रित करें...



अनुमानत: 35 वर्ष से अधिक से मैं श्री सूर्य नमस्कार कर रहा हूं। प्रभु ने मुझे जो सुखानुभूति दी है, वह मैं शब्दों में नहीं लिख सकता हूं, ठीक गूंगे को गुड़ का स्वाद न बता पाने की मनःस्थिति की तरह। भगवान श्री सूर्य नारायण प्रत्यक्ष देवता हैं। सृष्टि क्रम में इनका विशेष स्थान है। वैसे तो सूर्य के अनेक नाम (मंत्र) विभिन्न योग-मुद्राओं के साथ जप करने का विधान है परंतु सरलतम उपाय है नाड़ी शोधन करके सूर्य के 12 मंत्रों से सूर्य को अर्ध्य देना। प्राणायाम के द्वारा जिसका निःशेष मन धुल गया है, ऐसा मन ही ब्रह्म में स्थित है। अतः सर्वप्रथम सूर्य के सम्मुख नाड़ी शोधन करने का प्रयास करें। ऐसा करने से ही प्राणायाम करने की शक्ति प्राप्त होती है। अपने अंगूठे से दाहिने नथुने को दबा कर बाएं नथुने से अपनी शक्ति के अनुसार श्वास खींचें, फिर तुरंत बाएं नथुने को दबा कर दाहिने से श्वास धीरे-धीरे बाहर निकाल दें। इसी प्रकार धीरे-धीरे दाहिने नथुने से श्वास खींच कर पूरी तरह फेफड़ों को वायु से भर लें और दाहिना नथुना दबाकर बाएं से श्वास धीरे-धीरे बाहर फैंक दें। इस प्रकार रुक-रुक कर अपने सामर्थ्यानुसार 3, 5 अथवा अधिक आवृत्तियां पूरी करें। ध्यान को अंदर ही केंद्रित करें। कुछ ही समय में आपकी अंतःनाड़ी शुद्धि हो जाएगी। नाड़ी शोधन के बाद सूर्य देव के सम्मुख जल के किसी पात्र से 12 बार ऐसे जल छोड़ें कि सूर्य की रश्मियां जल से छन कर आपके पूरे शरीर का स्पर्श करें। प्रत्येक अर्ध्य देने से पूर्व सूर्य का एकनाम (मंत्र) जपें)

## सूर्य के 12 प्रभावी मंत्र हैं

1. मित्राय नमः 2. रवये नमः 3. सूर्याय नमः 4. भानवे नमः 5. खगाय नमः 6. पूष्णे नमः 7. हिरण्यगर्भाय नमः 8. मरीचये नमः 9. आदित्याय नमः 10. सवित्रे नमः 11. अर्घाय नमः 12. भास्कराय नमः।

अंतिम मंत्र जप तथा अर्ध्य के बाद दाएं हाथ की सूर्य उंगली अर्थात अनामिका से अर्घ्य से नीचे गिरे जल को स्पर्श कर अपने आज्ञा चक्र पर लगा कर उसे चैतन्य करें। दोनों हाथों को आपस में रगड़कर उत्पन्न हुई ऊर्जा को चेहरे पर फेर कर उसे कांतिमय बनाएं। हाथों की रेखाओं को देखें। ऐसा भाव जगाएं कि सारी रेखाएं ऊर्ध्वगामी हो रही हैं। इससे सूर्य रेखा व भाग्य रेखा प्रबल होगी। जिस व्यक्ति की ये दोनों रेखाएं प्रबल हो जाएं तो फिर धन, संपदा, ऐश्वर्य, ख्याति आदि उससे कहां दूर रह जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया




**सरायपाली ( समय दर्शन )।** नये शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस के शुभ अवसर पर नव प्रवेशी कक्षा नवमी के नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर व पुष्पहार से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गाँव के वरिष्ठ कृषक जीवनलाल साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने की।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सतत अभ्यास , स्वानुशासन और मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। इसलिए नियमित स्कूल आएं और कक्षा कार्य और गृहकार्य समय पर पूरा कर शिक्षकों से जाँच करवायें। जिससे गलतियों को सुधार सकें।उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। ततपश्चात उपस्थित नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम को व्याख्याता दुबेलाल पोर्ते, रोहित साहू और कविता पटेल ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कुमार नायक, शरद कुमार बाघ, श्रीमती अंजली पटेल, सुशान्त प्रधान, राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी, सी एस विशाल एनएसएस के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी टेकलाल पटेल ने एवं आभार व्यक्त एनएसएस प्रभारी कृष्ण कुमार नायक ने किया। अंत मे प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सारँगढ़ बिलाईगढ़ जिला सफाई कर्मचारियों ने मानदेय के सम्बंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

**सारंगढ़ ( समय दर्शन )** दिनांक 01/03/2023 से 21/04/2023 तक मार्च अप्रैल के हड़ताल अवधि के मानदेय के संबंध को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारी संघ 24 -06 -2024 को सारँगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर जनदर्शन में और एक ज्ञापन सौपा जिसमे लेख है कि हम समस्त स्कूल सफाई कर्मचारियों का मार्च अप्रैल हड़ताल अवधि के संबंध में एक आवेदन प्रस्तुत किए थे जो संलग्न है। आपके द्वारा आदेशित होने के बावजूद भी बी.ओ. ऑफिस में हम लोगों का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है पता करने पर बीओ. द्वारा गोल मटोल बात किया जा रहा है। और हम लोगों को किसी प्रकार की कोई भी जानकारी नहीं दिया जा रहा है। जबकि मंत्रालय से आदेशित किया गया है कि स्कूल सफाई कर्मचारियों को हर महीने 05 तारीख तक भुगतान किया जाए इसके बावजूद भी ऐसे कोई माह नहीं है जो पांच तारीख तक भुगतान किया गया हो। हम छोटे कर्मचारियो का हमेशा ही शोषण किया जा रहा है बी.ओ. ऑफिस द्वारा। उक्त ज्ञापन में दुष्यंत लहरे ब्लॉक अध्यक्ष ,गजानंद मैत्री ब्लॉक उपाध्यक्ष,रामकुमार निराला ,अमृत कुमार बरभाठा संकुल, युगल पटेल,ईश्वर चौहान, मन्नु लाल बंजारे,मनोज भारद्वाज,मनोज कुमार निराला,मनोज कुमार ,व अन्य उपस्थित थे।

### बकायादारों ने नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं किया,तो अब होगी तालाबंदी की कार्रवाई

**निगम की टीम ने संपत्ति की जांच कर लोगों को टैक्स जमा करने को कहा,राजस्व अमला द्वारा 21 लाख की वसूली की**

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** निगम सीमा अंतर्गत आज कर्मवीर राजस्व विभाग का अमला निरन्तर बकायादारों के घर पहुंचकर संपत्ति कर की जांच के साथ राजस्व वसूली कर रहा है। इसके तहत बड़े बकायादारों से लगातार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बुधवार को सालों से टैक्स का भुगतान नहीं करने वाले करदाताओं डिमांड नोटिस जारी किया गया।इसी तहत नगर निगम का बकाया संपत्तिकर वसूली का अभियान जारी है।इस कड़ी में निगम राजस्व अमला द्वारा बड़े बकायादारों से संपर्क कर बकाया टैक्स की राशि का भुगतान करने कहा जा रहा है उन्हें अतिशीघ्र संपत्तिकर जमा करने जोर दिया जा रहा है।आज राजस्व विभाग अमला द्वारा 21 लाख से अधिक की संपत्ति कर वसूली की गई।निगम प्रशासन द्वारा बकाया कर वसूली के लिए निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र शुभम गोइर ने बताया कि वार्डों में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत घरों में लगाए गए नल कनेक्शन के संबंध में जानकारी लेते हुए योजना के तहत कितने घरों में नल कनेक्शन दिया गया है और कितने लोग जलकर पटा रहे हैं इसकी भी जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही। उन्होंने बताया कि बकायादारों ने नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं किया,तो अब होगी तालाबंदी की कार्रवाई।

# कबीरधाम जिले के 958 में से 643 गांवों को हर घर शुद्ध पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल रहा

**कलेक्टर महोबे ने जताई नाराजगी।**

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। इस योजना के तहत जिले के 959 गांवों में से 643 गांवों में हर घर शुद्ध पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं केवल 164 गांवों में कार्य पूरा हो पाया है और आधे अधूरे कार्यों के बीच 315 गांवों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की बात कही गई है। यह बात हम नहीं विभाग के अधिकारी ने कलेक्टर की समीक्षा बैठक में बताई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता वाली कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए लंबे समय से रूके कार्यो पर नाराजगी जताई।



कलेक्टर ने कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो को गंभीरता से नहीं लेने और टेंडर भरने के बाद कार्य प्रारंभ नही करने वाले ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्रों में रनिंग वाटर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां रनिंग वाटर नहीं आ रहे है उसकी सूची तैयार करें और प्राथमिकता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के 164 गांवों का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने पूर्ण हो चुके कार्यो को ग्राम पंचायत को हैंड ओवर करने के विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी कार्यो में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रारंभ कार्यों को जल्दी ही पूरा करें और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन के कार्यों में जिन कारणों से दिक्कत आ रही है, उसे दूर करते हुए कार्य करे। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में पानी के सोर्स उपलब्ध है, टंकी और पाइप लाइन बिछ गई है, लेकिन अन्य कारणों से पेयजल प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, ऐसे ग्रामों की सूची तैयार करें और इसका निराकरण कर पेयजल की उपलब्ध कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करें और उन्हें जागरूक करें।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तायुक्त कार्य पूरा करें। साथ ही कलेक्टर ने जिले के जिन-जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन को कार्यों की ऐजेसियां द्वारा पूरी बताई जा रही है, ऐसे ग्रामों में सूची तैयार कर ग्राम सभा में रखने के निर्देश दिए।

**महज 164 गांवों में काम पूरा हुआ** - जल जीवन मिशन के सचिव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता जीपी गौड़ ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत कबीरधाम जिले के 959 ग्रामों के लिए योजना तैयार की गई है, जिसमें से रेट्रोफिटिग की 231, सिंगल विलेज की 543 व सोलर पंप आधारित 185 सम्मिलित है। 958 ग्रामों की योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्यादेश जारी किया जा चुका है तथा 01 ग्राम की योजना निविदा प्रक्रिया अंतर्गत प्रक्रियाधीन है। 958 ग्रामों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा 164 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही प्रगतिरत योजना के तहत 315 ग्रामों मे जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## शासकीय सड़क पर चेनलिंग फ्रेंसिंग कर अवैध कब्जा, कलेक्टर टीएल में शिकायत, नगर निगम ने तत्काल किया निराकरण



**नगर निगम ने हटाया न्यू आदर्श नगर से सड़क क्षेत्र से कब्जा**

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम, क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 53 न्यू आदर्श नगर कात्यायनी मंदिर क्षेत्र के करीब शासकीय सड़क पर चेनलिंग फ्रेंसिंग कर घेरा कर अवैध कब्जा की शिकायत टीएल के समय कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को आवेदन के माध्यम किया गया था।जिस पर कलेक्टर सुश्री चौधरी द्वारा समस्या सुनी गई और नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन में को न्यू आदर्श नगर, पोटियाकला, दुर्ग में एमडी कंवर एवं जगतराम देवांगन द्वारा नाली क्षेत्र को कव्हर करते हुए सडक क्षेत्र से लगाकर चेनलिंक फेंसिंग कर घेरा किया गया था. जिससे सडक एवं नाली क्षेत्र बाधित हो रही है।उक्त फेंसिंग को हटाये जाने अनावेदको को इस कार्यालय से माध्यम से नोटिस जारी किया गया था।तथा स्थल पर कब्जा हटाने के लिए मौखिक रूप से बोला गया था.तदुपरांत नोटिस जारी किया गया था. उसके बाद भी नोटिस को अनदेखा किया गया और अतिक्रमण कर्ता द्वारा चेनलिंग फेंसिंग को नहीं हटाया गया।मंगलवार को शाम कार्रवाही करने पहुँचे अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं भवन निरीक्षक विनोद मांझी के नेतृत्व में एक्शन लेते हुए सड़क बाधित कर चेनलिंग फेंसिंग अतिक्रमण/ कब्जा को हटवाकर कब्जा मुक्त किया गया।अधिकारी द्वारा सम्बंधित को सड़क क्षेत्र में दोबारा चेनलिंग फेंसिंग कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी गई ।जन संपर्क विभाग/राजू बक्शी

## श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए 850 तीर्थयात्री के साथ दुर्ग से चौथी स्पेशल ट्रेन से हुई रवाना

**उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप और विधायकगणों ने ट्रेन को दिखाई हरी झण्डी**

**छत्तीसगढ़ के भाचा राम, जय सियाराम जय सियाराम के सुमधुर ध्वनि से गुंजायमान हुआ रेल्वे प्लेटफार्म**

**-श्री रामलला के दर्शन करने तीर्थयात्री उत्साहित**



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 श्रद्धालुजन दुर्ग से स्पेशल ट्रेन में अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। दुर्ग रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 से इस स्पेशल ट्रेन को दोपहर 12.15 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक सर्व श्री डोमनलाल कोरसेवाड़ा, श्री ललित चंद्राकर, श्री गजेन्द्र यादव व श्री रिकेश सेन ने हरी झण्डी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। तीर्थयात्रा में शामिल श्रद्धालुजन काफी उत्साहित थे। प्लेटफार्म नं. 1 पर श्री राम-लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी और पंथी नृतक दलों की करतल ध्वनि के साथ छत्तीसगढ़ के भाचा राम, जय सियाराम-जय सियाराम की ध्वनि गुंजायमान हो रही थी। दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री आर.जी. गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी श्री जितेन्द्र शुक्ला, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के उप महाप्रबंधक श्री संदीप ठाकुर एवं अन्य अधिकारी, इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है। आप सभी श्री रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम जा रहे है। सभी श्रद्धालुगण छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भगवान श्रीराम से आशीर्वाद लेकर आएंगे। उन्होंने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य के साथ पूरी करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या धाम में श्री रामलला का मंदिर बना है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि विदेशों में मंदिर बन गए लेकिन भारत देश में इसको बनने में 500 वर्ष लग गए। केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से यह कार्य हुआ है। प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कहा सरकार ने जो कहा वह पूरा किया है। 13 लाख किसानों को धान बोनस का 37167 करोड़ रूपए का भुगतान, 68 लाख गरीब परिवारों को आगामी 5 वर्षों तक निःशुल्क राशन, पीएससी परीक्षा में अनियमितता की शिकायतों की सीबीआई जांच, युवाओं को शासकीय भर्तियों में आयु सीमा में छूट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख घरों का निर्माण, प्रदेश सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचायक है। उन्होंने तीर्थयात्रियों को सफल यात्रा एवं सकुशल वापसी के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के पद चरण छत्तीसगढ़ के वनों में भी पड़े है। उन्होंने अपने वनवास का लंबा समय वनों में बिताया है। इसी कारण भगवान श्रीराम के प्रति वनवासियों में अगाध श्रद्धा भाव है। इससे पूर्व अतिथियों ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर उनके कुशल क्षेम पूंछे तथा स्पेशल ट्रेन के डिब्बे में रिबन काटकर यात्रा का शुभारंभ किये और ट्रेन को हरी झण्डी दिखाई। पहली बार अयोध्या धाम की यात्रा कर रहे बालोद जिले के श्री जय श्रीवास्तव 77 वर्ष एवं श्रीमती जामुल बाई 70 वर्ष, राजनांदगांव जिले के श्री दौलत साहू 55 वर्ष, श्री मंगल राम देवांगन 67 वर्ष, श्री गोपाल सिन्हा 77 वर्ष, श्री छन्नूराम साहू 64 वर्ष व श्री किशन साहू 55 वर्ष, कवर्धा जिले से श्रीमती सकुन बाई 60 वर्ष, श्री रामजी साहू 70 वर्ष व श्री तिलक राम 65 वर्ष, दुर्ग जिले से श्री सुमंत कुमार 56 वर्ष, श्री तुलाराम 74 वर्ष, श्री जागेश्वर साहू 68 वर्ष, श्रीमती कुमारी बाई 59 वर्ष व श्रीमती सुकारो बाई साहू 72 वर्ष ने निःशुल्क अयोध्या धाम की यात्रा के लिए प्रदेश के विष्णुदेव सरकार की सराहना करते हुए शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये। गौरतलब है कि प्रदेशवासियों को उनके जीवन काल में एक बार श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) कराये जाने की राज्य सरकार की घोषणा अनुसार 23 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड तथा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के मध्य एमओयू संपादित किया गया। योजना का शुभारंभ रायपुर रेल्वे स्टेशन से 05 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा वरिष्ठ मंत्रिगणों, जनप्रतिनिधियों आदि की उपस्थिति में इस स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर किया गया।

# गौरव पथ निर्माण में की जा रही अनियमितता, अघोषित बिजली कटौती समेत कई मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठेगी विधायक चातुरी नंद

**28 जून को एक दिवसीय आमरण अनशन पर रहेगी विधायक**

**सरायपाली ( समय दर्शन )।** सरायपाली नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ निर्माण में की जा रही गुणवत्ताहीन कार्य, अधूरे निर्माण से हो रही राहगीरों और नगरवासियों को हो रही दिक्कतों, क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती समेत कई मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद 28 जून को एक दिवसीय आमरण अनशन पर बैठेगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि निर्माणाधीन गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों के मिलीभगत से भारी अनियमितता बरती जा रही है, नाली नहीं ढकने से राहगीर और नगरवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रही है, इतना ही नहीं इस्टीमेट को धता बताते हुए डिवाइडर की ऊंचाई कम कर दी गई है। नगर के व्यापारी और आम जन की समस्याओं से सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार को कोई फिक्र नहीं है। मैंने इसकी शिकायत कलेक्टर, नगरीय निकाय विभाग के सचिव विभागीय मंत्री समेत मुख्यमंत्री से भी की परंतु आज तक कोई जांच नहीं की गई मजबूरन मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की राह पर चलते हुए आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा है।



उन्होंने आगे कहा राज्य में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। सरायपाली अंचल के कई गांवों में हफ्ते भर से अधिक समय से बिजली बंद है परंतु बिजली विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है। समस्या का निराकरण करना तो दूर अधिकारी आम जन का फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझते। गांव तो गांव नगर में भी प्रतिदिन बिजली कटौती की जा रही है।

विधायक नंद ने कहा कि इसी तरह पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र की पेयजल संकट को दूर करने अमृत जल जीवन मिशन के तहत 126 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है परंतु शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक काम शुरू नहीं हो सका है जिससे इसका लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पा रहा और सरायपाली नगर समेत पूरे अंचल में पेयजल संकट से आम जनता त्राहि माम होती रही लेकिन अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अधिकारियों को बार बार लिखित और मौखिक रूप से बोलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से मैं अनशन करने पर मजबूर हूं। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर मैं सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ते रहूंगी।

उन्होंने आम जनता और क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों से भी जनहित के इस मुद्दे पर समर्थन देने की अपील की है।

बता दें कि विधायक चातुरी नंद जनहित के मुद्दों और आमजन की समस्याओं को लेकर विधानसभा में भी मुखर होकर आवाज उठाती है। विधायक बनने के बाद उनका यह पहला आमरण अनशन है जिसका आम जन भी समर्थन कर रहे है।

## खबर-खास

# भाजपा नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौप जिला अस्पताल में रात्रिकालीन मेडीकल सेवा प्रारम्भ करने की मांग

**गरियाबंद ( समय दर्शन )**।बुधवार को एक दिवसीय प्रवास में पहली बार गरियाबंद पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का स्थानीय सर्किट हाऊस में भाजपा नेताओ ने आत्मीय स्वागत किया।इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओ की समस्या भी सुनी। साथ ही निराकरण का आश्वासन भी दिया।इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर जिला मुख्यालय गरियाबंद की जिला अस्पताल में रात्रि कालीन मेडिकल सुविधा एवं सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।भाजयुमो नेताओ ने कहा कि जिला अस्पताल गरियाबंद में जिले के दूरस्थ अंचल से गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोग पहुंचते हैं।यहां प्रधानमंत्री जन औषधि एवं धनवंतरी जनऔषधि केंद्र भी है। परंतु रात्रि के समय यह बंद रहते हैं। जिसके चलते हैं यहां भर्ती मरीजों को रात्रि समय में दवाई के लिए भटकना पड़ता है। इसके साथ सोनोग्राफी के लिए भी बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से हैं जिला अस्पताल गरियाबंद में रात्रि कालीन मेडिकल सुविधा एवं सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ करने की मांग रखी। इधर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल जिला स्वास्थ्य अधिकारी को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दे दिए हैं।इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर,सागर मयाणी,वंश सिन्हा,परमेश्वर सेन,प्रतीक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शाला प्रवोत्सव कार्यक्रम में किताब और साइकिल प्राप्त कर खिल उठी छात्र छात्राएं की चेहरे



**गरियाबंद ( समय दर्शन )**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी ,विकासखंड व जिला गरियाबंद शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम में बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर मनाया गया।जिसमे कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जन प्रतिनिधि ईश्वर वर्मा,शाला विकास समिति सदस्य अश्वनी वर्मा,ग्राम के प्रथम नागरिक गैंदलाल दीवान प्राचार्य बसंत त्रिवेदी द्वारा कक्षा 9वी और 10वी के छात्र छात्राओं को किताबो का वितरण एवम् शासन की महती योजना सरस्वती साइकिल योजनानुसार कक्षा 9वी के अनुसूचित जाति,जनजाति व पिछड़े वर्ग के छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पालकों के साथ साथ विद्यालय से वरिष्ठ व्याख्याता कामता प्रसाद साहू,वीरेंद्र सिन्हा,दिनेश निर्मलकर,किरण दीवान,हरि नारायण यादव,दीपक गवली,रवि प्रकाश अंगारे,डॉ.ओमप्रकाश वर्मा, नूतन साहू,योगेश्वरी यादव,हेमंत कुमार दाऊ,सूरज महडिक सहित अन्य कर्मचारी हितेंद्र सिन्हा,पुरषोत्तम ध्रुव, टेकराम की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में बच्चों को हर्ष व्याप्त था,साइकल पाकर विद्यार्थियों में खुशी की लहर जाग उठी।अपने संबोधन में उपस्थित ईश्वर वर्मा ने इस योजना के बारे में बच्चों को समझाया और इसके लिए शासन को इस मंच के माध्यम से धन्यवाद दिया। उपस्थित सदस्य अश्वनी वर्मा,सरपंच गैंदलाल दीवान ने भी कहा कि ये योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान करती है। विद्यालय के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी ने अपने आशीर्वचन उद्बोधन में इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और शासन को धन्यवाद करते बच्चों को रोज विद्यालय आने व पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने में जोर दिया गया ।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहां की सुपेबेड़ा से किडनी की बीमारी को जड़ से खत्म करने हम सब मिलकर काम करेंगे

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुपेबेड़ा को लेकर गंभीर, यह समस्या ज्यादा दिन की नहीं रहेगी : जयसवाल




**गरियाबंद ( समय दर्शन )**। जिले दूरस्थ अंचल में बसे बहुचर्चित किडनी पीड़ित ग्राम सुपेबेड़ा में दो नए डायलिसिस केंद्र की स्थापना की जाएगी।इसके साथ ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने यहां एक आरओ फिल्टर प्लांट भी लगाया जाएगा। बुधवार को देवभोग पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसकी घोषणा की।प्रदेश में भाजपा की सरकार बदलने के बाद पहली बार पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर सुपेबेड के मरीजों के लिए एक सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस का उद्घाटन भी किया।इसके साथ उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर यहां किडनी पीड़ित मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा भी लिया।इस अवसर पर उनके साथ डबल्यूएचओ,एम्स रायपुर और स्वास्थ्य विभाग के एक्सपर्ट टीम,राजिम विधायक रोहित साहू,कलेक्टर दीपक अग्रवाल,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सबसे पहले सुपेबेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र तथा आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया,साथ ही उपलब्ध कराई जा रही है सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर महिलाओं के लिए अलग से बैठक व्यवस्था करने के निर्देश प्रशासन को दिए।इसके अलावा उन्होने पास में बन रहे निर्माणाधीन का भी निरीक्षण किया। इसके कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ग्राम सुपेबेड़ा के किडनी पीड़ित परिवार के प्रेमजय क्षेत्रपाल से उनके घर पहुंच मुलाकात की। मंत्री जायसवाल ने उनका कुशलक्षेम जाना। बातचीत करते हूं उनकी समस्या भी सुनी। मौके पर मंत्री जायसवाल ने परिवार की शासन प्रशासन से हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया।वही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए बताया कि सुपेबेड़ा की समस्या को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय काफी गंभीर है।यहां के समस्या के निराकरण और मरीजों के समुचित इलाज के लिए बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश उन्होंने दिए है। उनके निर्देश के चलते ही वे आज सुपेबेड़ा पहुंचे है। उन्होंने कहा की मेडिकल और एम्स की टीम लगी हुई है।हम आज संकल्प लेकर चलते है की किडनी की बीमारी को जड़ से खत्म करने मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि ग्रामीणों को इस समस्या से बाहर लाने हर संभव प्रयास किए जाएंगे।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) दुर्ग, जिला दुर्ग

| रा0प्र0कं0 / ई-कोर्ट रजि0नं0 | पक्षकार का नाम |
|---|---|
| 202406100400233, अ-2/2023-24 | श्री अरूण कुमार सिंह |

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमती/ श्री अरुण कुमार सिंह आ. श्रीराम बिहारी सिंह निवासी हनुमान नगर दुर्ग जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण हेतु छ0ग0भू0रा0सं0 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

| ग्राम/पह0नं0 जहां आवेदित भूमि स्थित है | खसरा नम्बर | रकबा ( क्षेत्रफल ) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम- बोरसी प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग | 353/29 | 0.0086 हे0/935 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
दुर्ग, जिला दुर्ग

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) दुर्ग, जिला दुर्ग

| रा0प्र0कं0 / ई-कोर्ट रजि0नं0 | पक्षकार का नाम |
|---|---|
| 202406100400234, अ-2/2023-24 | श्री अरूण कुमार सिंह |

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमती/ श्री अरुण कुमार सिंह आ. श्रीराम बिहारी सिंह निवासी हनुमान नगर दुर्ग जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण हेतु छ0ग0भू0रा0सं0 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

| ग्राम/पह0नं0 जहां आवेदित भूमि स्थित है | खसरा नम्बर | रकबा ( क्षेत्रफल ) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम- बोरसी प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग | 353/30 | 0.0086 हे0/935 वर्गफीट | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
दुर्ग, जिला दुर्ग


# पंचायत सचिव अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण का त्वरित निराकरण

**गरियाबंद**। जिले में ग्राम पंचायत सचिव धानेन्द्र प्रताप ध्रुव के आकस्मिक निधन के फलस्वरूप उनके पुत्र को एक माह के भीतर ही त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया गया है। स्वर्गीय धानेन्द्र प्रताप ध्रुव,जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे,3 जून 2024 को आकस्मिक निधन होने के कारण उनके परिवार के आश्रित सदस्यों से अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया था।19 जून 2024 को उनकी धर्मपत्नि बेदमति ध्रुव द्वारा कार्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद में आवेदन प्रस्तुत किया गया।जिसे श्रीमती पद्मिनी हरदेल,मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जिला पंचायत गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।प्राप्त आवेदन मे त्वरित कार्यवाही करते हुए 1 माह के भीतर ही आवेदन के परीक्षण उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव द्वारा 26 जून 2024 को दिवंगत सचिव के आश्रित धर्मपत्नि श्रीमती बेदमति ध्रुव को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु आदेश जारी करते हुए जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव (प्रशासनिक) में पदस्थ किया गया है।


## नाम परिवर्तन

मैं संध्या साव पति स्व. राजेन्द्र कुमार साव, उम्र 34 वर्ष निवासी-हाउस नं 22, 23, वार्ड नं 17 दुर्गा कालोनी, कादम्बरी नगर, दुर्गा मंदिर के पास, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ कि

मेरा नाम पूर्व में संध्या गोस्वामी पिता माइकल गोस्वामी था। परन्तु अब मेरा नाम संध्या साव पति स्व. राजेन्द्र कुमार साव हैं तथा मे इसी नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। संध्या साव उर्फ संध्या गोस्वामी दोनों मेरे ही नाम है।

यह कि मैं आगे भविष्य में संध्या साव के नाम से जानी व पहचानी जाऊंगी ।जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**

## // आम सूचना //

**(खसरा नंबर 373/11 रकबा 0.011 हेक्टेअर 1200 वर्गफीट के संबंध में)**

एतद् द्वारा यह सर्वविदित हो कि मौजा ग्राम चरोदा, प.ह.नं.- 09, रा.नि.मं. चरोदा, तहसील- पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि /मकान जो कि भू स्वामी दीपा शिवशंकर पति इंद्र शेखर के नाम में है जिसका खसरा नंबर 373/11 रकबा 0.011 हेक्टेअर 1200 वर्गफीट है। जिसकी सीमा उत्तर-पटेल का खेत ,दक्षिण - 22 फीट का रोड, पूर्व राजीव वर्मा की प्लाट, पश्चिम दुर्गा का प्लाट है। विक्रय पत्र विक्रेता अजय अग्रवाल आ. ग्यारसी लाल अग्रवाल निवासी चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा विक्रय पत्र दिनाँक 29/10/2007 को अपने नाम से करा लिया गया है, तथा काबिज है। छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा चरोदा जिला दुर्ग में साम्य बंधक हेतु प्रस्तावित है ।

अतः उक्त संव्यव्हार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार से दावा आपति हो तो मय लिखित दस्तावेजो के साथ मेरे नीचे लिखे पते पर 15 दिवस के भीतर कर सकते है उक्त समयावधि के पश्चात की गई आपति शून्य एवं अमान्य मानी जावेगी 7 छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा चरोदा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

सो जाने सूचना

**स्थान - दुर्ग (छ.ग)**
**दिनांक 26/06/2024**

**भवदीय**
**छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

## // आम सूचना //

**दुर्ग,दिनांक 24/06/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण संध्या साव पति स्व. राजेन्द्र कुमार साव, उम्र 34 वर्ष, पुत्री सौम्या साव पिता राजेन्द्र कुमार साव उम्र 13 वर्ष द्वारा-संरक्षक माता संध्या साव निवासी-हाउस नं 22, 23, वार्ड नंबर 17 दुर्गा कालोनी, कादम्बरी नगर, दुर्गा मंदिर के पास, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की विधिक वारिसान है।

यह कि स्व. राजेन्द्र साव के नाम पर सिकोला कादम्बरी नाला के पास, (वार्ड नं 18) अंदर भाग दुर्ग-2 प ह नं 17, तहसील व जिला दुर्ग प्लाट क्रमांक 22 एवं 23 खसरा नं 296/130 जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट रकबा 111.52 वर्गमीटर एवं एल आई जी पी/302 (तीसरा तल) खसरा नं 252, हाउसिंग बोर्ड खम्हरिया भिलाई में सम्पत्ति स्थित है जिसे स्व. राजेन्द्र कुमार साव ने वर्ष 2018-19 में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित कर मेरे नाम पर दर्ज कराया था । स्व. राजेन्द्र प्रसाद की मृत्यु दिनांक 20/06/2024 को हो चुकी है। मेरे एवं मेरी पुत्री सौम्या साव के अतिरिक्त उक्त सम्पति पर और अन्य कोई व्यक्ति का नाम नही है उक्त वसीयतनामा के अनुसार स्व. राजेन्द्र कुमार साव की मृत्यु के पश्चात मै व मेरी पुत्री दोनों सम्पति पर पूर्ण अधिकार रखते है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित चल-अचल सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, कोई निकाय आदि किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार ना करे, यदि इसके पश्चात भी ऐसा किया जाता है, तो वह अवैध एवं विधि विरूद्ध होकर शून्य होगा, जो कि मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

**श्रीमती सुधा वर्मा**
**अधिवक्ता दुर्ग (छ.ग.)**
**मो. 9131552788**
**दुर्ग,(छ. ग.)**
**दिनाकः 24/06/2024**

## न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**मामला क्रमांक / /23-24**

## // ईश्तहार//

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार ठाकुर साकिन ठेठवार पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने मंगल सिंह ठाकुर/ उदल ठाकुर की मृत्यु दिनांक 15/4/1962 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा था उजर पेश करना होतो दिनांक 09/07/24 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 26/06/24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जिला दुर्ग ( छ. ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

### -: निविदा आमंत्रण सूचना:-

क्रमांक 11/न.पा.नि./ जोन क्रमांक - 06/2024-25 — रायपुर दिनांक 25/06/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित **SOR** ( निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन 'डी' एवं उससे ऊपर) / फर्म एवं संस्था / एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा 'अ' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं 'ब' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 03/07/2024 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनोंक 10/07/2024 तक पंजीकृत डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनोंक 11/07/2024 को सुबह 11:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा का प्रकार | मद का नाम | अगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | एस.ओ.आर. | समया अविध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 अंतर्गत नवजीवन सोसायटी में शौचालय निर्माण कार्य। | द्वितीय | महापौर निधि | 2.19 | 2200.00 | 750/- | **PWD Building SOR** 01.01.2015 | 2 माह |

**:: निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें ::-**

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है:-

लिफाफा 'अ' में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर (निविदा खोलने तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति।
(2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें।
(3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति
(4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का **ITR** एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का **GSTR** की प्रति।

लिफाफा 'ब' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तें:- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी.विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (**Tax Clearance Certificate**) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 06**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
## (संपत्तिकर विभाग)

/चार /तीन/सं.क.वि./2024/231/48 / — भिलाई. दिनांक 14/6/2024

### // स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतिरती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोण्डा कुमार स्वामी पिता स्व. के नारायण, निवासी-क्वा नं.-15 डी., ए.बी.डी. जोन-2 सेक्टर-11, खुर्सीपार भिलाई, तह व जिला दुर्ग (छ. ग.) तरफ से आम मुख्यार श्रीमती कोण्डा यरम्मा पति स्व. के नारायण, निवासी ग्राम गंगुवाड़ा, सोमपेटा, जिला-श्रीकाकुलम (आन्ध्रप्रदेश) | शैलेश कुमार राय पिता श्री सुरेश राय, निवासी अम्बेडकर पार्क बाजार समिति, सासाराम रोहतास, (बिहार) | बिक्रीनामा | ग्राम-चौहान हाउसिंग, चौहान-ग्रीन वैली, खम्हरिया एवं जुनवानी, वार्ड-1, प.ह.नं.-15/21. भिलाई, फ्लैट नं-10, ब्लॉक-ई/2. द्वितीय तल क्षेत्रफल- 501.99 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | श्री स्व. विनीत कुमार आ. उमा शंकर तिवारी निवासी-:'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली), चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई श्री अजय चौहान पिता स्व. श्री विपत (दिपेश्वर) चौहान, मोहल्ला /ग्राम/कॉलोनी राजीव नगर, भिलाई. जिला व तह-दुर्ग (छ.ग.) | सिद्धी त्रिपाठी पिता स्व. श्री विनीत कुमार, निवासी मकान नं. 192, मखनिया मोहल केअन्मेंट वार्ड, लखनउ (उत्तरप्रदेश) | वारिशान | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली), चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट न- ई 2/18, तृतीय तल, क्षेत्रफल- 501.99 वर्गफीट पर आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | 1. श्री अश्वनी कुमार तिवारी आत्मज श्री आर.के. तिवारी, निवासी मोहल्ला / ग्राम चौहान ग्रील वैली, मोतीलाल नेहरू नगर, जुनवानी, भिलाई मकान/फ्लैट नं.- 33/डी-10, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 2. श्रीमती नीलम तिवारी घ.प.श्री अश्वनी कुमार तिवारी, निवासी मोहल्ला/ग्राम- चौहान ग्रील वैली, मोतीलाल नेहरू नगर, जुनवानी, भिलाई मकान/फ्लैट नं. 33/डी-10, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती शिवांगी पहाड़े ध.प. श्री प्रवीण पहाड़े, निवासी मोहल्ला / ग्राम प्लाट नं.-10. नया आमापारा, गजांनद नगर दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | खम्हरिया, चौहान हाउसिंग चौहान ग्रीन वैली) जुनवानी, वार्ड क - 01(जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अदर माग) भिलाई, पलैट नं. 33 पंचम हल-ब्लॉक-डी 10. क्षेत्रफल- 663.27 वर्गफीट पर आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | श्रीमती श्यामली वर्मा घ.प. श्री विरेन्द्र वर्मा, निवासी एल.आई. जी.-26-57, जवाहर नगर, वैशाली नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | अनीश कुमार जेना, आ. श्री सरोज कुमार जेना, निवासी एम.आई.जी. 1. 14-3, जवाहर नगर, वैशाली नगर, सुपेला भिलाई. तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जवाहर नगर आवासीय योजना भिलाई. राम नगर, वार्ड नं.-14 (जवाहर नगर आवासीय योजना अंदर भाग) भिलाई. ब्लाक क्रमांक-26. भूखण्ड/भवन क्रमांक-57, क्षेत्रफल 40.5 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | श्री हरेराम रॉय पिता श्री मनमोहन रॉय, निवासी-एल.आई.जी.-1/453, आमदी नगर हुडको भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | रिया अभिषेक राहुरकर पिता श्री हरेराम रॉय, पति श्री अभिषेक राहुरकर, निवासी 23, कृष्णा कॉटेज, लेन-3. सहर रोड, नोबल मेडिकल, दुर्गामंदिर के पास, गवारे चौक, अंधेरी ईस्ट मुम्बई (महाराष्ट्र) | दान पत्र | आमदी, शहीद कौशल यादव नगर, दक्षिण वार्ड क्र-69 (आमदी नगर हुडको आवासीय योजना अंतर्गत) खसरा क्र. -1/2. भूखंड क्र. एल आई. जी-266, क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | 1. प्रबुद्ध मजुमदार पिता श्री दिव्यज्योति मजुमदार, निवासी आई-402, इस्कॉन हैबीटेट, गोतरी सेवासी रोड, न्यू अल्कापुरी, वड़ोदरा (गुजरात) 2. श्रीमती मिता मजुमदार पति श्री प्रबुद्ध मजुमदार, निवासी- आई-402, इस्कॉन हैबीटेट, गोतरी सेवासी रोड, न्यू अल्कापुरी, वड़ोदरा (गुजरात) | श्रीमती किरण जैन पति श्री समर्पण कुमार जैन, निवासी ई-15. सी.एच.पी.एल. ड्रीम होम्स, स्मृति नगर भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड क-02 स्मृतिनगर ( माडल टाउन के पास) (चौहान हाउसिंग प्रा.लि. ड्रीम होम) भिलाई फ्लैट नं. 15, ब्लॉक ई. तृतीय तल क्षेत्रफल 1068 वर्गफीट पर आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | अनिल यादव पिता श्री सुवालाल यादव, निवासी-मकान नं.-19/2. स्ट्रीट 01. मॉडल टाउन, जुनवानी भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. घनश्याम सिल्हारे पिता श्री कमल प्रसाद, 2. श्रीमती उर्मिला सिल्हारे पति श्री घनश्याम सिल्हारे, दोनों निवासी स्ट्रीट 04. मॉडल टाउन, जुनवानी भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं.-2 ( मॉडल टाउन अन्दर भाग), प्लाट नं. नं.-1084/525, 156 खसरा प्लाट 7.-156, रकबा 1200 वर्गफुट पर आवासीय भवन निर्मित। |

**उपायुक्त (संपत्तिकर )**

# अच्छा नागरिक बनना शिक्षा का उद्देश्य : विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन

**पाटन ( समय दर्शन )।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार के शासकीय प्राथमिक,माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में मुख्य अतिथि प्रदीप महिलांगे जी,विशिष्ट अतिथि दिनेश साहू सभापति जनपद पंचायत पाटन,मनीष पटेल युवा सरपंच व अतिथि गण राजा राम साहू अध्यक्ष, प्राथमिक विभाग,नरेंद्र पटेल उपाध्यक्ष माध्यमिक विभाग,रामदयाल



साहू,कल्याण साहू उपस्थित रहे।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक अच्छा नागरिक बनना ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा में मुख्यातिथि दिनेश साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य बनाकर,नियमित पढ़ाई के साथ प्रतिदिन योग,खेल को भी महत्व देने की बात कही।ततपश्चात सरपंच मनीष पटेल ने विद्यार्थियों से गर्मी के दिनों का अनुभव पूछा।

कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी का पालकों,शिक्षकों व विद्यार्थियों के नाम संदेश वाचन जैनेन्द्र कुमार गंजीर संकुल समन्वयक संकुल केंद्र तेलीगुंडरा ने किया व आभार प्रदर्शन एम.एल.वर्मा प्रधानपाठक माध्यमिक विभाग ने किया।कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर,मिठाई खिलाकर गणवेश व पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर कौशल यशोदा साहू,नोलेश्वरी साहू शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष,नरेंद्र पटेल द्वारा न्यौता भोजन दिया गया।कार्यक्रम में हेमंत कुर्रे प्रधानपाठक प्राथमिक विभाग,खिलेंद्र साहू,उर्वशी देशमुख,लेखराम वर्मा,जितेंद्र वर्मा,कृष्णा साहू,अजय सेन,अशोक ओझा व विद्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन खिलेंद्र साहू ने किया।

# आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाटन में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बच्चों को बांटी गई किताबें और मिठाइयां



**पाटन ( समय दर्शन )।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाटन में प्रवेश उत्सव सरस्वती वंदना के साथ धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर निक्की भाले ,पार्षद (नेता प्रतिपक्ष) कुणाल शर्मा (मंडल अध्यक्ष) आदित्य सवर्णी , सागर सोनी, राधे यादव, दामोदर चक्रधारी आलोक पांडे केवल देवांगन , नागेंद्र वर्मा, मिलन देवांगन, नितेश तिवारी (सांसद प्रतिनिधि सी.एल.सी कॉलेज) सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए इस दौरान बच्चों को तिलक लगाया गया और मिठाई खिलाकर स्कूल जाने की नई शिक्षा सत्र 2024 -25 शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती वेलेंटीना मसीह छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा का महत्व बताते हुए स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में छात्र छात्राओं का तिलक लगाया गया, मीठा खिला कर पठन-पाठन सामग्री के साथ-साथ न्योता भोजन में खीर ,केला, मिठाई का भी वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संगीता घाटगे (व्याख्याता)द्वारा किया गया। इस अवसर पर जे .एल ठाकुर (व्याख्याता) एस कलिहारी (व्याख्याता एल.बी) दीपा मनोज (व्याख्याताएल.बी)) डीआर निर्मलकर (सहायक ग्रेड 2)स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ पूरे स्कूल स्टाफउपस्थित था।

# शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण समारोह आयोजित

**बसना ( समय दर्शन )।** 25 जून मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल हेतु चयनित छात्रों के पालकों के द्वारा शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश कुमार प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मोहगांव थे। अध्यक्षता रविलाल प्रधान प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला ने की। विजय बारीक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान ग्राम प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के वर्ष 2024 में नवोदय विद्यालय हेतु चयनित बच्चों के पालकों के द्वारा उनके मार्गदर्शक शिक्षक भोजराज प्रधान को स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों को डायरी और कलम भेंट की गई, और प्रधान सर के हाथों बच्चों को सम्मानित कराया






गया । इस अवसर पर नवोदय चयनित बच्चों के पालकों के द्वारा विद्यालय को एक नग वाटर कूलर वाटर प्यूरीफायर के साथ, एक नग आलमारी और एक नग लेक्चर स्टैण्ड भेंट किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश कुमार ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव से एक साथ 18 बच्चों के नवोदय विद्यालय हेतु चयन होने से विद्यालय के साथ गाँव भी गौरवान्वित है। इस उपलब्धि के लिए सभी बच्चे, पालकों व शिक्षक बधाई के पात्र हैं । भोजराज प्रधान ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों के लिए स्थापित की गई थी । यह एक आवासीय विद्यालय है, यहाँ बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, पालकों के सहयोग से प्रतिवर्ष हमारे विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहता है। अध्यक्ष विजय बारीक ने विद्यालय को सहयोग करने के लिए पालकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नवोदय चयनित बच्चे, उनके पालक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा समस्त शिक्षक उपस्थित थे। रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, मोहन साहू, रत्नाकर प्रधान, बिशीकेशन भोई, छोटेलाल जागेश्वर, बलदेव बारीक, लवणी बधाई, रविलाल प्रधान, हेमन्त कुमार कर ने इस सम्मान समारोह को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर पण्डा सहायक शिक्षक ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय प्रधान, ओंकार प्रधान, रेशमलाल नायक, जागेश्वर नायक, दिलीप चौधरी, भोजराज नागवंशी, नरोत्तम सिंह ठाकुर, दुर्योधन प्रधान, तरुणी सेन साहू, विश्वनाथ प्रधान, मुकेश पटेल, मनोज नायक, शिवप्रसाद बसन्त, सुशील कुमर्रा, दिलीप कुलदीप, आशाराम नाग, श्रीमती अमृता प्रधान और उमेश कुमार नायक सहित सभी पालकों का विशेष सहयोग रहा ।

# व्यावसायिक शिक्षा में ज्यादा से ज्यादा प्रवेश बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान



**पाटन ( समय दर्शन )।** नए सत्र का आगाज 26 जून से होने वाला है, राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकार के 10 अलग अलग क्षेत्रो में नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को चलाया जा रहा है द्य 10 क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अपनी पसंद के अनुसार ट्रेड को चुनने का अवसर कक्षा 9 वीं तथा 11 वीं में मिलता है, इसी क्रम में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पाटन, जिला - दुर्ग में रीटेल और मीडिया का पाठ्यक्रम संचालित है द्य मीडिया एंड इंटरटेनमेंट ट्रेड में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का प्रवेश हो और उनको लाभ मिले इसके लिए विद्यालय के व्यावसायिक प्रशिक्षक लालेश्वर देवांगन द्वारा गाव - गाव घूमकर डोर टू डोर पलकों से मिलकर व्यावसायिक शिक्षा के लाभ, इसमे होने वाले शैक्षणिक गतिविधियों जैसे - प्रैक्टिकल आधारित शिक्षा, अतिथि व्याख्यान, औद्योगिक भ्रमण, ऑन जॉब ट्रेनिंग, इंटर्नशिप के बारे में बताया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस महत्त्वपूर्ण पाठयक्रम का लाभ मिले,इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश हो और उन्हें बेहतर स्किल्ड शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान हो सके द्य जागरूकता अभियान विद्यालय के प्राचार्य श्री पी एल सिन्हा और ढ्ढश्वक्क के राज्य समन्वयक श्री आदित्य पिल्लई व बृजेश शुक्ला के मार्गदर्शन मे चलाया जा रहा है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल सरगांव में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

- विधायक एवं कलेक्टर ने नव प्रवेशित बच्चों का पुष्पमाला और उपहार भेंटकर किया स्वागत

**मुंगेली ( समय दर्शन )।** शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत से स्कूल शुरू हो गया। इस दौरान जिले के स्कूलों में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नगर पंचायत सरगांव में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर राहुल देव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और चाकलेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कौशिक ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। यह हम सबका दायित्व होना चाहिए। उन्होंने अपने स्कूली जीवन के समय की कठिनाईयों का जिक्र करते हुए बताया कि पहले स्कूल काफी दूर में होते थे, सुविधाओं का अभाव था। आज के समय में स्कूल नजदीक होने के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन द्वारा स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक, सायकल आदि सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बच्चों को इसका लाभ उठाते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने कहा कि बेहतर नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। मेहनत




और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। पाठ्यक्रम को समझकर पढें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है, लेकिन सबका समय होता है, पढ़ाई के समय पढ़ाई करें और खेल के समय खेलें। कलेक्टर ने शिक्षकों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती साहू ने भी शिक्षा को भविष्य के लिए आवश्यक बताया और सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूली बच्चों को निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10 एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम पथरिया भरोसाराम ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी सी. के. घृतलहरे, नगर पंचायत सरगांव अध्यक्ष परमानंद साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण और विधार्थीगण मौजूद रहे।

**न्यौता भोज कार्यक्रम का किया गया आयोजन-** शाला प्रवेशोत्सव के बाद स्वामी आत्मांनद स्कूल सरगांव में न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती साहू ने न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई। इस योजना के अंतर्गत जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार आदि के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया जा सकता है। न्योता भोज के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों का पोषण सुनिश्चित करने के साथ-साथ समानता की भावना विकसित करना है

# डंडे की जोर पर प्लांट विस्तार का षड़यंत्र!

**रायपुर (समय दर्शन)।** अदानी पावर लिमिटेड विस्तार गले की फांस बनते जा रही है। न ही इसे खाते बन रहा है। न ही इसे उगलते बन रहा है। प्रदेश में अडानी पावर लिमिटेड का विरोध गांवों से निकलकर शहरों की ओर बढ़ रहा है। 22 जून को अडानी पावर लिमिटेड के विस्तार को लेकर जनसुनवाई बुलवाई गई थी। जिसमें क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। जिसमें राजनेता, समाजसेवी, प्रकृतिप्रेमी व ग्रामीण शामिल हुये। और विरोध दर्ज कराये।

आपको बता दें कि हजारों की संख्या में लोग जहां विरोध दर्ज करा रहे थे। वहीं अडानी पावर लिमिटेड के अधिकारी जनसर्थन की झूठी खबर प्रचारित-प्रसारित करते दिख रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो जनसुन वाई की पहले दिन यानी 21 जून को और 22 जून को जनसुनवाई वाले दिन क्षेत्र में जनसमर्थ




जुटाने पैसे भी बांटे गये हैं। क्षेत्र के ग्रामीण लगातार आरोप लगा रहे हैं कि अदानी पावर लिमिटेड ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं के साथ अनदेखा कर रहा है। सीएसआर के नाम पर मात्र दिखावा हो रहा है। जमीनीस्तर पर कोई भी कार्य नहीं किये जा रहे हैं। खबर यह भी है कि प्रशासन के दबाव में किसान व ग्रामीणों की मांगों को दबाया जा रहा है। प्लांट से निकलने वाला राखड़ हवा में उड़ कर लोगों के शरीर में प्रवेश कर रहा है। और लोग बिमार हो रहे हैं। इस पूरे मामले में कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने डबल इंजन की सरकार पर हमला बोलते हुये कहा है- क्षेत्र के लोगों से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। आम लोगों पर पुलिस के डंडे बरसाये जा रहे हैं। और जनसमर्थन जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। डंडे की जोर पर अडानी पावर लिमिटेड का विस्तार कराने का षड़यंत्र रचा जा रहा है।

## संक्षिप्त-खबर

### नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर,मुंह मीठा कर किया शाला प्रवेशोत्सव



**रानीतराई।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भनसूली(के)में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया,साथ ही सभी का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया।साथ ही शिक्षक एवं पालकगण से चर्चा कर विद्यालय एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास में समन्वय के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किए। इस अवसर पर पूरण साहू,महेश साहू,यशवंत साहू,सुंदर साहू,गोमती साहू,फेकन साहू,के के साहू, डा हेमंत साहू,दानी राम तारक,प्रभारी प्रधान पाठक रियंजना देवांगन,संकुल समन्वयक ओमप्रकाश वर्मा,शिक्षक धर्मेंद्र साहू,लक्ष्मीकांत तिवारी छन्नूलाल केवट,हरिशंकर देवांगन पूर्व माध्यमिक शाला, प्रधानपाठक सुभाषचंद्र ठाकुर,अनिल टंडन सहित पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बच्चों को पुस्तक भेंट कर विधायक गजेंद्र यादव ने कराया स्कूल प्रवेश



**दुर्ग।** गर्मी छुट्टी समाप्त होने के पश्चात अब बच्चे स्कूल लौट रहे है। आज तितुरडीह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में प्रवेश उत्सव में विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए और उन्हें पुस्तक भेंट कर शाला प्रवेश कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। कार्यक्रम में विधायक को अपने बीच पाकर बच्चों ने शानदार क्लेपिंग से उनका स्वागत किये। इस दौरान प्राचार्य प्रेमलता तिवारी, पार्षद शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद स्कूल तितुरडीह में प्रवेश उत्सव में विधायक गजेंद्र ने बच्चों के साथ रूबरू हुए और जीवन में अनुशासन का महत्व बताते हुए अच्छे विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किये। बच्चों कों स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेल खुद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन जो हम सीखते है वो जीवनभर काम आता है। घर में माता पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की शिक्षा दिए। इस दौरान स्कूल के शिक्षकों कों विषयवस्तु के नैतिक शिक्षा देने की बात कही। गौरतलब है की सभी सरकारी स्कूलों में 26 जून से लेकर 15 जुलाई तक शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

### शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड मे शाला प्रवेशोत्शव




**बसना (समय दर्शन)।** बसना विकासखण्ड के सूदूरवर्ती वनांचल ग्राम पंचायत बिलखंड शासकीय प्राथमिक शाला मे प्रवेश उत्सव मनाया गया । ग्रीष्म कालीन छुट्टी के बाद आज से स्कूल प्रारंभ हो गया है । शाला प्रवेशोत्शव के दौरान बच्चों को महिला स्व सहायता समूह बिलखंड के महिलाओं द्वारा फूल माला से स्वागत करते हुए पुस्तक वितरण कर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एस एम सी के अध्यक्ष अभ्यास भोई ने अपने उद्बोधन में पालको से अपील किया कि,अपने बच्चों को रोज पढ़ाने के लिए स्कूल भेजें ।किसी भी बच्चों को बेवजह में घुमने ना दें और स्कूल से पढ़ के जाने के बाद अपने घर में भी पढ़ने के लिए उचित माहौल प्रदान करें ,,उसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे ने अपने उद्बोधन में पालक एवं महिला समुह को सम्बोधित करते हुए कहा कि, आप सबके प्रयास एवं मेहनत से ग्राम मे शिक्षा के प्रति बच्चों का रूझान पहले से बढा है। ग्राम के बच्चों के भविष्य हेतु शिक्षकों के साथ आप सबका योगदान सतत बनी रहे। अपने बच्चों को शाला में जरूर प्रवेश करायें और हर दिन स्कूल पढ़ने के लिए भेजने को प्रेरित किया, एवं सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला समिति के अध्यक्ष अभ्यास कुमार भोई, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे व ग्राम के सभी महिला स्व सहायता समूह के सभी महिलाएं एवं शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के सभी बच्चे गण उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24